09 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 21

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI




### सिमडेगा और लोहरदगा में इंडी गठबंधन की चुनावी सभाएं

# हमारी सरकार बनाइये, खाते में 'खटाखट' देंगे ढाई हजार: राहुल

- यह संविधान बचाने की लड़ाई है
- हमारी बातें भाजपा को देश तोड़नेवाली लगती हैं



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा/लोहरदगा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि हमारी बातें भाजपा को देश तोड़नेवाली लगती हैं। सिमडेगा और लोहरदगा में शुक्रवार को इंडी गठबंधन के पक्ष में चुनावी सभाओं में उन्होंने आदिवासी, अंबानी-अडाणी और संविधान का जिक्र किया। उन्होंने कहा, हम आदिवासियों, दलितों और पिछड़े की हक की बात करते हैं। इस पर मोदी जी कहते हैं कि राहुल गांधी देश तोड़ने वाली बात करता है। इस समय देश में दो विचारधाराएं हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं, जबकि वे खत्म करना चाहते हैं। इस चुनाव में राहुल गांधी की यह पहली झारखंड यात्रा थी। वह शनिवार को फिर आयेंगे और जमशेदपुर में रोड शो करेंगे।

कांग्रेस नेता झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर लोगों के खातों में ढाई हजार रुपये खटाखट पहुंचाने की घोषणा की। उन्होंने जाति जनगणना करा कर आबादी के हिसाब से आरक्षण देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन ने जो सात वादे जनता से किये हैं, उन्हें पूरा किया जायेगा। राहुल ने कहा कि हमारे वादों में अडाणी-अंबानी के लिए कुछ नहीं है। यह गरीबों की सरकार है। उन्होंने कहा कि यह संविधान को बचाने की लड़ाई है। मोदी अरबपतियों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं, हम गरीबों की मदद करना चाहते हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे आपको आदिवासी नहीं, वनवासी कहते हैं। हमारे लिए आप आदिवासी हो। जल, जंगल, जमीन आपका है, तो इसका अधिकार का फायदा आपको ही मिलना चाहिए। वे आपका हक-अधिकार अंबानी-अडाणी जैसे अरबपतियों को देना चाहते हैं। भारत सरकार के बजट में 90 आइएएस अफसर रहते हैं, जिसमें सिर्फ एक प्रतिशत दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक रहते हैं। भाजपा धर्म और जाति की राजनीति करती है।

राहुल गांधी ने कहा, मैंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक चार हजार किलोमीटर पैदल यात्रा की। उस दौरान हमने समाज के हर वर्ग के लोगों की बात की। नरेंद्र मोदी ने 20-25 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। जब हमने किसानों का कर्जा माफ करने की बात की, तो पीएम ने कहा कि राहुल गांधी किसानों की आदत बिगाड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने मणिपुर का मुद्दा उठाया और कहा कि भाजपा एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाती है।

# आजसू के घोषणा पत्र में नौ संकल्प और 30 गारंटी

### सुदेश महतो ने जारी किया विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया। इसमें राज्य के नवनिर्माण के लिए नौ संकल्प लिये गये हैं। पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने पत्र के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनडीए की सरकार में परीक्षा शुल्क 10 रुपये होगा और एक साल में सरकार के सभी खाली पद भरे जायेंगे। साथ ही ढाई हजार रुपये वृद्धा पेंशन दी जायेगी। (पेज पांच भी देखें)

**झारखंड नवनिर्माण के नौ संकल्प**



1 युवाओं को रोजगार
2 महिलाओं को अधिकार
3 किसानों की आय में सुधार
4 सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं स्वास्थ्य
5 पर्यटन एवं खेलकूद विकास
6 भाषा, संस्कृति, विरासत की रक्षा
7 जल-जगंल जमीन की रक्षा
8 औद्योगिक विकास एवं निजी निवेश
9 स्वराज से सुशासन

## पीएम मोदी का कल रांची में रोड शो

- ओटीसी ग्राउंड से शुरू होकर न्यू मार्केट चौक पर खत्म होगा
- संजय सेठ ने कहा, पीएम का ऐतिहासिक स्वागत होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** 10 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने अपने केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 10 नवंबर रविवार को रांची में भव्य रोड शो करेंगे। शाम चार बजे से यह रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आयेंगे।

## आदिवासियों का विकास नहीं चाहती भाजपा: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार/घाटशिला/चाईबासा/तमाड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को लातेहार के अलावा घाटशिला, टोंटो और अड़की में चुनावी सभाओं भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड के आदिवासियों और दलितों का विकास होते नहीं देखना चाहती है। इसीलिए भाजपा के नेता राज्य में गिद्ध और कौवे की तरह मंडरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार झारखंड के गरीबों, आदिवासियों-दलितों के लिए लगातार काम कर रही थी, लेकिन पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र द्वारा उन्हें लगातार परेशान किया गया। भाजपा हर तरह की साजिश कर सरकार को गिराने के लिए लगातार प्रयास करती रही। झूठे आरोप में फंसाकर उन्हें जेल भी भेजा गया। इसके बावजूद उन्होंने झारखंड के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। (पेज तीन भी देखें)



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



सर्राफा
सोना (बिक्री) 72,900 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 09 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# 'झारखंड के दिल' में इंडी-एनडीए के बीच है असली मुकाबला

## ■ दक्षिणी छोटानागपुर के पांच जिलों की 15 सीटों पर होगा दलों का लिटमस टेस्ट

## ■ पिछली बार झामुमो-कांग्रेस ने नौ सीटें जीत कर भेद दिया था भाजपा का किला

## ■ सीधे मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं एनोस एक्का और जयराम महतो

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड की सियासी खासियत यह है कि यहां का हरेक प्रमंडल अपने-आप में अलग राजनीतिक दृष्टिकोण समेटे हुए है, तो वहीं ये सभी एकजुट होकर एक मजबूत राजनीतिक इकाई का निर्माण करते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो झारखंड उस रेलगाड़ी की तरह है, जिसका हरेक डिब्बा अपने-आप में एक इकाई है, लेकिन जब ये डिब्बे एकजुट हो जाते हैं, तो एक रेलगाड़ी बना लेते हैं। झारखंड का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल भी इसी तरह इस रेलगाड़ी का एक डिब्बा है, या यों कहें कि इस रेलगाड़ी का इंजन है। यह प्रमंडल राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि राजधानी रांची इसका एक जिला है। राजनीतिक और प्रशासनिक मुख्यालय होने के नाते रांची समेत पूरा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल हमेशा सुर्खियों में रहता है। पांच जिलों की तीन लोकसभा और 15 विधानसभा सीटों वाले इस प्रमंडल की राजनीति कभी एकतरफा नहीं होती है। विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से इस प्रमंडल को कभी भाजपा का गढ़ माना जाता था, लेकिन 2019 में झामुमो-कांग्रेस ने इस किले को भेद दिया था। प्रमंडल की 15 सीटों में से इन दोनों दलों ने मिल कर नौ सीटें जीत कर भाजपा को महज पांच सीटों पर रोक दिया था, जबकि एक सीट आजसू के खाते में गयी थी। हालांकि उस चुनाव में भाजपा ने जिन दो आदिवासी सीटों पर जीत हासिल की थी, वे इसी प्रमंडल में आती हैं। दक्षिणी छोटानागपुर झारखंड का सबसे शिक्षित और विकसित प्रमंडल माना जाता है, हालांकि यहां की 71 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है। इस प्रमंडल ने झारखंड बनने से पहले और बाद में कई अवसरों पर इलाके को नयी दिशा दी है और इस बार भी यहां राजनीति की नयी इबारत लिखे जाने की संभावना दिखाई दे रही है। क्या है प्रमंडल की 15 विधानसभा सीटों का राजनीतिक परिदृश्य और क्या हो सकते हैं यहां के चुनावी मुद्दे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में अब महज पांच दिन बाकी हैं। 13 नवंबर को होनेवाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार 11 नवंबर को खत्म हो जायेगा। पहले चरण में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की 15 में से 13 सीटों पर मतदान होगा। मतदान की तारीख नजदीक आने के कारण यहां चुनाव प्रचार अभियान चरम पर है।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल को राज्य की हृदयस्थली कहा जाता है, क्योंकि राज्य की राजधानी रांची इसी प्रमंडल में है। वैसे तो यह प्रमंडल हर दिन किसी नयी राजनीतिक गतिविधि का गवाह बनता है, लेकिन इस बार मामला थोड़ा अलग है, क्योंकि इस प्रमंडल ने जहां भाजपा को झटका दिया है, वहीं कांग्रेस को नयी ताकत दी है। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल पांच जिलों, रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा में फैला हुआ है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाये, तो इन पांच जिलों में लोकसभा की तीन और विधानसभा की 15 सीटें आती हैं।

दो विधानसभा सीटें, रांची लोकसभा क्षेत्र का इचागढ़ और खूंटी लोकसभा क्षेत्र का खरसावां सरायकेला-खरसावां जिले में पड़ती हैं। इन तीन लोकसभा सीटों में रांची, गुमला और लोहरदगा शामिल हैं। इनमें से दो पर कांग्रेस का कब्जा है, जबकि रांची सीट भाजपा के पास है। कांग्रेस के कब्जेवाली संसदीय सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। जहां तक विधानसभा सीटों का सवाल है, तो 15 सीटों में पांच-पांच सीट कांग्रेस और भाजपा के पास, चार सीट झामुमो के पास और एक सीट आजसू के पास है। विधानसभा सीटों में 11 आदिवासियों के लिए और एक अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अनारक्षित सीटों में रांची, सिल्ली और हटिया शामिल हैं।

2019 के विधानसभा चुनाव में इस इलाके में एनडीए बिखर गया था, जिसका फायदा तब झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन ने उठाया और 15 में से नौ सीटों पर धमाकेदार जीत दर्ज की थी। इस बार एनडीए एकजुट है। आजसू पार्टी फिर से एनडीए में है। बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का भाजपा में विलय हो गया है। जदयू और लोजपा (रामविलास) भी साथ है। दोनों गठबंधन फिलहाल बराबरी पर दिख रहे हैं। 19-20 का ही फर्क है। इसके बावजूद अगर किसी गठबंधन के पक्ष में माहौल बन गया, तो परिणाम बदल सकते हैं।

### इलाके की दो लोकसभा सीटें कांग्रेस के पास

2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखा जाये, तो इंडिया ब्लॉक को नुकसान होता नहीं दिख रहा है। इलाके की तीन में से दो लोकसभा सीटें, खूंटी और लोहरदगा कांग्रेस के पास हैं, जबकि रांची सीट भाजपा के पास। खूंटी से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा और लोहरदगा से कांग्रेस के सुखदेव भगत ने जीत दर्ज की है। रांची से भाजपा के संजय सेठ सांसद हैं।

### रांची जिले में हैं सात विधानसभा सीटें

जिलों के हिसाब से देखा जाये, तो रांची जिले में सात विधानसभा सीटें हैं। इनमें मांडर विधानसभा सीट लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में और तमाड़ विधानसभा सीट खूंटी संसदीय क्षेत्र में पड़ती हैं। इन सात विधानसभा सीटों में से भाजपा के पास तीन (रांची, हटिया और कांके), कांग्रेस के पास दो (खिजरी और मांडर), झामुमो के पास एक (तमाड़) और आजसू के पास एक (सिल्ली) सीट है। इस बार के विधानसभा चुनाव की खास बात यह है कि कांके को छोड़ कर सभी सीटों पर पुराने प्रतिद्वंद्वी ही मैदान में हैं।



### सिमडेगा जिले में एनोस एक्का बना रहे त्रिकोण

सिमडेगा जिले की सिमडेगा और कोलेबिरा सीट पर भी अभी कांग्रेस का ही कब्जा है। वहां इस बार भी सीटिंग विधायकों को ही मैदान में उतारा गया है। भाजपा ने भी पुराने प्रत्याशियों को ही टिकट दिया है। कहा जा रहा है कि इन दोनों सीटों पर मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है, लेकिन पूर्व मंत्री एनोस एक्का त्रिकोण बनाते दिख रहे हैं। उनकी झारखंड पार्टी (एनोस) ने सिमडेगा से उनकी बेटी आइरीन एक्का और कोलेबिरा में बेटे विभव संदेश एक्का को उतार दिया है। दोनों ने त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति पैदा कर दी है। चुनाव के दौरान एनोस एक्का जेल से बाहर हैं। इससे सभी पार्टियों के अंदर बेचैनी दिख रही है। एनोस की इलाके में मजबूत पकड़ है। आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआइ की विशेष अदालत ने उनको सात साल की सजा सुनायी है। वैसे सिमडेगा का समीकरण भी दिलचस्प है। जब भी गैर-इसाइ मतदाता एकजुट होते हैं, भाजपा चुनाव जीत जाती है। 2014 में भाजपा की विमला प्रधान चुनाव जीती थीं। हालांकि, कोलेबिरा में राज्य गठन के बाद से भाजपा चुनाव नहीं जीत सकी है।

### लोहरदगा-गुमला में भाजपा के पास खोने को कुछ नहीं

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के तहत दो जिले आते हैं, लोहरदगा और गुमला। इन दोनों जिलों में चार विधानसभा सीटें हैं। इनमें से तीन (गुमला, सिसई और विशुनपुर) पर झामुमो का कब्जा है, जबकि एक (लोहरदगा) पर कांग्रेस का।

इन दोनों जिलों में भाजपा के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, लेकिन उसने अपने दो पूर्व सांसदों, सुदर्शन भगत और समीर उरांव को क्रमशः विशुनपुर और सिसई से उतार कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। लोहरदगा सीट पर आजसू की नीरू शांति भगत कांग्रेस के सीटिंग विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को चुनौती दे रही हैं।

### खूंटी जिले की दो सीटों पर भाजपा का लिटमस टेस्ट

अब बात खूंटी की, जिसकी दो विधानसभा सीटों, खूंटी और तोरपा पर अभी भाजपा का कब्जा है। 2019 के विधानसभा चुनाव में आदिवासियों के लिए आरक्षित यही दो सीटें थीं, जिन पर भाजपा को कामयाबी मिली थी। इसलिए इस बार ये सीटें भाजपा के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। भाजपा ने अपने दोनों सीटिंग विधायकों पर भरोसा जताया है, जबकि झामुमो ने खूंटी से रामसूर्य मुंडा और तोरपा से सुदीप गुड़िया को उतारा है। खूंटी विधानसभा सीट पर पिछले 24 साल से भाजपा का कब्जा है, जबकि तोरपा सीट 2014 में झामुमो को पौलुस सुरीन के हाथों गंवाने के बाद 2019 में कोचे मुंडा ने दोबारा जीती थी।

### दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का चुनावी इतिहास

झारखंड राज्य गठन के बाद झारखंड में अब तक चार विधानसभा चुनाव हुए हैं। इनमें से तीन चुनावों में इस प्रमंडल की सबसे ज्यादा सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसलिए दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल को भाजपा का गढ़ कहा जाने लगा था। लेकिन 2019 में कांग्रेस और झामुमो ने इस गढ़ को भेद दिया था। इस प्रमंडल का राजनीतिक इतिहास बताता है कि 2005 के चुनाव में भाजपा को सात, 2009 में पांच और 2014 में आठ सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस को 2005 और 2009 में तीन-तीन सीटें मिलीं, लेकिन 2014 में एक भी सीट जीतने में उसे कामयाबी नहीं मिली थी। 2019 के विधानसभा चुनाव में यह पूरा खेल पलट गया और इस प्रमंडल में झामुमो-कांग्रेस के गठबंधन ने जोरदार वापसी की। उस बार भाजपा केवल पांच सीट ही जीत सकी, जबकि कांग्रेस ने पांच और झामुमो ने चार सीट जीत कर उसके गढ़ को ध्वस्त कर दिया था। आजसू पार्टी को भी एक सीट मिली थी। 2019 के बाद इस प्रमंडल की दो सीटों, लोहरदगा और कोलेबिरा में उप चुनाव हुए और दोनों बार ही कांग्रेस को सफलता मिली। 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य की 28 आदिवासी सीटों में से जिन दो सीटों, खूंटी और तोरपा से जीत हासिल की थी, वे दोनों इसी प्रमंडल में हैं।

### प्रमंडल का जातीय समीकरण

2011 की जनगणना के अनुसार दक्षिणी छोटानागपुर की आबादी 55 लाख से अधिक है। इनमें 72 फीसदी से अधिक आदिवासी हैं, जबकि छह फीसदी अल्पसंख्यक, पांच फीसदी अनुसूचित जाति और ओबीसी और बाकी 17 प्रतिशत सामान्य जाति के हैं। जातियों के राजनीतिक झुकाव को देखने से पता चलता है कि यहां कभी आदिवासी भी भाजपा के समर्थक हुआ करते थे, लेकिन 2014 के बाद हुए पत्थलगड़ी आंदोलन और बाद में तत्कालीन भाजपा सरकार के खिलाफ पैदा हुए आक्रोश ने आदिवासियों को भाजपा से अलग कर दिया। खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा जिलों में भाजपा का जनाधार कम होता गया, जबकि झामुमो और कांग्रेस ने लगातार यहां अपनी पैठ बढ़ायी।

पिछले पांच साल में सत्ता से बाहर रही भाजपा ने इलाके में खूब मेहनत की है और इस बार उसे भरोसा है कि वह परिणाम को अपने पक्ष में कर लेगी।

### 2024 का परिदृश्य

दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल की 15 सीटों पर फिलहाल स्थिति साफ नहीं है। चुनावी मुद्दे तो धीरे-धीरे आकार ले रहे हैं, लेकिन इन मुद्दों पर वोट कितना पड़ेगा, यह अब तक तय नहीं है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद का गठबंधन मजबूती से चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार है और उसके पास पिछले पांच साल की उपलब्धियों का हिसाब भी है। हाल के दिनों में शुरू की गयीं योजनाओं ने चुनावी परिदृश्य को बहुत हद तक प्रभावित किया है। दूसरी तरफ भाजपा और आजसू को दोबारा एक हो जाने के बाद से राजनीतिक परिदृश्य रोचक हो गया है। भाजपा और आजसू ने 2019 में अलग होकर चुनाव लड़ा था, लेकिन इस बार दोनों की संयुक्त ताकत सत्तारूढ़ गठबंधन के सामने बड़ी चुनौती पेश करेगी। पिछले पांच साल में भाजपा ने जिस संकल्प और मजबूती से खुद को जनता के बीच रखने की कोशिश की है, उसका उसे सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आजसू पार्टी की ग्रास रूट आधारित राजनीति का लाभ भी दोनों पार्टियों को जरूर मिलेगा।

इन परिस्थितियों में यह तय है कि आसन्न विधानसभा चुनाव दक्षिण छोटानागपुर की 15 सीटों पर किसी भी दल के लिए आसान नहीं होगा। इन सीटों पर न केवल दलों और प्रत्याशियों का जनाधार तौला जायेगा, बल्कि पिछले पांच साल के दौरान हुए विकास के कामों पर भी लोगों की राय अहम होगी।

---

# कांग्रेस-झामुमो-आरजेडी ने रांची को कराची बना दिया : डॉ मोहन यादव

**वोट के लालच में लगातार घुसपैठियों को झारखंड में बसा रही हेमंत सरकार**

**अपने कर्मों से हेमंत सोरेन जेल गये, खतरे में पड़ने वाले हैं होली, दिवाली और जन्माष्टमी जैसे त्योहार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बालूमाथ/मनातू/कुंदा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लातेहार के बालूमाथ, पलामू के पांकी और चतरा के कुंदा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर जमकर हमला बोला। यादव ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने लोकतंत्र के अधिकारों की हत्या कर दी है। आजादी के बाद से कांग्रेस में एक ही परिवार ने कब्जा कर लिया है। ये सभी असली गांधी के वंशज नहीं हैं।इ उन्होंने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री अपने कर्मों से जेल गये। प्रदेश की जनता को धोखा देकर एक हजार करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला किया। इसके बाद एक हजार करोड़ का खनिज संपदा का घोटाला किया।

उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री करोड़ों के घोटाले करने के बाद जेल गये, लेकिन जेल से आने के बाद भी जनता बीच जाकर वोट मांग रहे हैं। कांग्रेसी और उनके सहयोगी दलों को झूठ बोलने में महारत हासिल है, लेकिन इस बार झारखंड में सुर्यदेव का उजाला प्रदेश के अंधकार को पूरी तरह से खत्म कर देगा। डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की जनता से वोट की अपील करते हुए कहा कि, चुनाव के बाद प्रदेश में एक नया सवेरा होगा। जिसके बाद देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश, देश का नंबर वन राज्य बनेगा। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भाजपा गोगो दीदी योजना लेकर आयी है। हमारे संकल्प पत्र में भाजपा की गारंटी नहीं है, ये मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पलामू के पांकी विधानसभा के तरहसी के मानगढ़ मैदान में आयोजित जनसभा के दौरान कहा कि भाजपा सनातनी दृष्टिकोण को लेकर चल रही है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी ने झारखंड राज्य बनाकर दिया, जिसकी राजधानी रांची बनायी। लेकिन प्रदेश के लिए बड़े दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस और झामुमो ने रांची को कराची बना दिया है। उन्होंने कहा कि, मैं प्रदेश की जनता से अपील करता हूं कि भाजपा की सरकार बनाकर रांची के गौरव को फिर से लौटाना है।

अगर प्रदेश की जनता सावधान नहीं हुई तो हमारे होली, दिवाली और जन्माष्टमी जैसे त्योहार खतरे में पड़ने वाले हैं। अबकी बार का चुनाव अपनी संस्कृति को बचाने का चुनाव है।

# 10 सीट पर चुनाव लड़नेवाली पार्टी 30 की गारंटी दे रही: सुप्रियो भट्टाचार्य

**एनडीए बताये, आजसू की सरकार बनेगी या लोजपा की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता सचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर आजसू की ओर से जारी संकल्प पत्र पर तंज किया और सवाल उठाये। कहा कि एनडीए का अलग संकल्प पत्र है और आजसू का अलग। कहा ये पार्टी पहले गांव की सरकार बना रही थी, लेकिन अब ये रोजगार की सरकार बनाने वाले हैं। ये क्या करने वाले हैं, ये समझना मुश्किल है। ये भी सवाल है कि ये कैसी और कैसे सरकार बनायेंगे, क्योंकि चुनाव तो ये पार्टी 10 सीटों पर ही लड़ रही है। जीतेंगे कितनों पर, ये तो समय



बतायेगा, लेकिन सरकार की रूपरेखा तय कर दी गयी। जेएमएम नेता ने कहा कि ये 10 सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं और 30 गारंटी दे रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि 10 में से 9 के मंत्रालय भी बांट दिये गये हैं। सुप्रियो ने आगे कहा, आजसू का मुख्य दल यानी बीजेपी के अनुसार स्थानीय नीति की रूपरेखा बनेगी। वहीं आजसू का कहना है कि सर्वे सेटेलमेंट के जरिये समस्या का समाधान किया जायेगा। सुप्रियो ने कहा, बीजेपी ने गोगो दीदी योजना की शुरुआत की बात कही है। इसके तहत वे महिलाओं को 2100 रुपये देने की बात करते हैं। लेकिन आजसू ने इससे अलग बात कही है। कहा कि बीजेपी और आजसू को पहले तय कर लेना चाहिए, जीतने पर सरकार किसकी बनेगी।

सुप्रियो ने आगे तंज करते हुए कहा कि एलजेपी जो एक सीट पर चुनाव लड़ रही है, इसने भी अपना अलग घोषणा पत्र जारी किया है। कहा कि एनडीए को बताना चाहिए कि राज्य में दरअसल किसकी सरकार बनेगी। आजसू की, लोजपा की या फिर वे खुद सरकार बनायेंगे। कहा कि राज्य की जनता ये सब देख रही है। कहा कि अजीब कॉन्ट्रोवर्सी है। मोदी कहते हैं एनडीए की सरकार बनेगी और आजसू कहती है, उनकी सरकार बनेगी।

जेएमएम नेता ने कहा, एनडीए गठबंधन में सीएम बनने की इच्छा रखने वालों की लाइन लगी हुई है। इनमें से एक तो बाबूलाल मरांडी ही हैं। कहा, हमारे यहां हेमंत सोरेन सीएम फेस हैं। कहा बीजेपी के दो नेता झारखंड में खूब घूम रहे हैं। एक नाम व्यापम घोटाले से जुड़ा है तो दूसरे का नाम समाज में नफरत फैलाने और लूटने के लिए याद किया जाता है। हालांकि इस दौरान उन्होंने शिव राज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा का नाम नहीं लिया।

### खरसावां में झारखंड बीजेपी के सह-प्रभारी ने की जनसभा

# राहुल से पूछना चाहिए, आदिवासियों की जमीन कौन लूट रहा है : हिमंता

**राहुल गांधी हिंदू समाज को बांटने की साजिश कर रहे हैं, ऐसा तो अंग्रेजों ने भी नहीं किया था**

**एक आदिवासी नेता होने के नाते हेमंत सोरेन की जिम्मेदारी नहीं है कि वे झारखंड में एक भी घुसपैठियों को आने से रोकें**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खरसावां/सिमडेगा।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड बीजेपी के सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को खरसावां में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी हिंदू समाज को बांटने की साजिश कर रहे हैं, ऐसा तो अंग्रेजों ने भी नहीं किया था। हमारे समाज को राहुल गांधी बांटना चाहते हैं। हेमंत सोरेन घुसपैठियों के लिए काम करते हैं। वे आदिवासी समाज के कल्याण के लिए काम नहीं करते। वे झारखंड के कल्याण के लिए काम नहीं करते। इसलिए हम लोग कहते हैं एकजुट रहो, सुरक्षित रहो। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को पूछना चाहिए कि कितने आदिवासी युवाओं को नौकरी मिली? आज झारखंड में आदिवासियों की जमीन कौन लूट रहा है और कौन उन्हें संरक्षण दे रहा है, एक नंबर हेमंत सोरेन और दो नंबर राहुल गांधी। एक आदिवासी नेता होने के नाते, क्या यह हेमंत सोरेन की जिम्मेदारी नहीं है कि वे झारखंड में एक भी घुसपैठियों को आने से रोकें। हम धर्म की बात नहीं करते, हम घुसपैठियों को बाहर निकालने की बात करते हैं।

बिस्वा सरमा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। आज झारखंड में लगातार घुसपैठिए आ रहे हैं, इस सरकार (राज्य) ने हाइकोर्ट में कहा है कि घुसपैठिए नहीं आ रहे हैं। मैं पूछता हूं कि संथाल परगना में मुस्लिम आबादी 10% से बढ़कर 34% हो गयी है, क्या ये यहां के मुसलमान हैं? हाइकोर्ट ने इस पर सवाल उठाया है। आपके अधिकारियों ने बयान दिया है कि घुसपैठिए आदिवासी बहनों से शादी करते हैं और उनकी जमीन हड़पते हैं। वे सिर्फ. वोट बैंक के दलाल हैं। अगर वे वोट बैंक के दलाल नहीं हैं तो उन्हें कहना चाहिए कि वे घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे।

## सहारा का एक-एक पैसा वापस दिलवायेंगे : हिमंता

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सिमडेगा जिला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा एवं सुजान जोजो के पक्ष में जनसभा कर की हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी और हिंदू से हेमंत सोरेन को प्यार नहीं है उन्हें सिर्फ इरफान अंसारी और आलमगीर आलम जैसे लोगों से प्यार है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकलेंगे। आज झारखंड में गरीब रो रहा है और कल्पना सोने और हेमंत सोरेन एक दूजे के लिए सिनेमा की शूटिंग कर रहे हैं। भाजपा की सरकार बनते ही सहारा में लोगों का जो रुपया फंसा है उसे वापस दिलाया जायेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक एवं जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने स्वागत भाषण किया। मंच संचालन दीपक पूरी ने किया।

# गृह मंत्री कोऑपरेटिव बैंक के भी मंत्री सहारा के साथ क्या किया : हेमंत सोरेन

**आप हमें मजबूत करें हम केंद्र सरकार से आपके हक अधिकार वसूल कर देंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** चुनावी सभा के दौरान चाइबासा में हेमंत सोरेन ने गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला किया। हेमंत ने कहा कि देश के गृह मंत्री कोऑपरेटिव बैंक के भी मंत्री हैं। इन लोगों ने सहारा के साथ धोखाधड़ी की है। परत दर परत हम खोलेंगे। हेमंत चाइबासा से जेएमएम प्रत्याशी दीपक बिरुआ के पक्ष में चुनावी सभा में कहा कि यहां के जल, जंगल और जमीन को भाजपा के व्यापारी साथियों ने लूटा और अब माटी बचाने की बात कर रहे हैं।

**लोगों ने कहा माफ हुआ बिजली बिल :** विगत पांच वर्ष में भाजपा द्वारा किये गये षड्यंत्र का हवाला देते हुए सोरेन ने कहा कि भाजपा के षड्यंत्र के बीच कार्य करके दिखाया है। पहले बिलजी बिल जमा करने के लिए लोगों को कर्ज लेना पड़ता था, महिलाओं को जेवरात गिरवी रखना पड़ता था। आपकी सरकार ने आपके सिर से ये बोझ उतार दिया। आप सभी का बकाया बिल माफ हो गया। इसपर लोगों ने भी कहा हां माफ हुआ बकाया बिजली बिल।

## एक लाख रुपये हर परिवार तक जायेंगे

महिलाओं की ओर मुखातिब हेमंत ने कहा मंईयां सम्मान के लिए पहली बार कोई सरकार आगे आयी है। सभी माता बहनों के खाते में तीन किस्त भेजी जा चुकी है। दिसंबर से 2500 सभी को प्राप्त होगा। अगले पांच साल में हर परिवार तक 1 लाख रुपये पहुंचाएंगे। झारखंडियों को इतना मजबूत करेंगे कि उन्हें कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### गांडेय विधायक ने केंद्र की भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला

# राज्य की अस्मिता, संस्कृति और खनिज संसाधनों पर भाजपा की नजर : कल्पना

**हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के सम्मान और अधिकारों के लिए जनता से समर्थन की अपील**



आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई/गुमला/मंझगांव/ईचागढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को भवनाथपुर, विशुनपुर, मंझगांव, और ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं में केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि झारखंड की अस्मिता, संस्कृति, खनिज संसाधनों पर भाजपा की गंदी नजर है, और यह समय है कि झारखंड के लोग अपने राज्य और अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े हों। कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में लोगों को याद दिलाया कि झारखंड सरकार ने उनके हितों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन सरकार ने हजारों लोगों का बिजली बिल माफ किया, मंईंयां सम्मान पेंशन, राशन, और विदेश में पढ़ाई के लिए विशेष योजनाओं को लागू कर झारखंड की जनता को राहत दी है। हेमंत सोरेन एकमात्र नेता हैं, जो झारखंड के लोगों की तकलीफों में उनके साथ खड़े हैं।

उन्होंने जनता को अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा, आज हम अपनी पहचान और भाषा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारी मातृभाषा और संस्कृति से अनभिज्ञ लोग, जो बाहर से आकर यहां प्रचार कर रहे हैं, झारखंड के असली मुद्दों से पूरी तरह कटे हुए हैं। भाजपा को झारखंड के संसाधनों और खनिज संपदा पर कब्जा करने की लालसा है, और वह झारखंड के अधिकारों को दबाना चाहती है। कल्पना सोरेन ने भाजपा की कथनी और करनी के अंतर पर भी सवाल उठाये और कहा कि भाजपा केवल खोखले वादों और दिखावे की राजनीति में विश्वास करती है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि झामुमो झारखंड के मूल मुद्दों–रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और महिला सशक्तिकरण–के लिए संजीदगी से काम कर रहा है और हेमंत सोरेन ही वह नाम हैं जो इन सभी मुद्दों पर जनता के साथ खड़े हैं। जनसभाओं में उमड़े विशाल जनसमूह ने कल्पना सोरेन के प्रति विश्वास और झामुमो के प्रति समर्थन को दर्शाया। उन्होंने झारखंड के विकास, सम्मान और संसाधनों की रक्षा के लिए झामुमो को समर्थन देने की अपील की, ताकि झारखंड के लोगों के हितों और अधिकारों को संरक्षित किया जा सके।

# हेमंत सोरेन सरकार में हिंदू होना मानो अपराध है : बाबूलाल मरांडी

- **हेमंत को गलतफहमी है कि वे बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट के माध्यम से झारखंड पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लेंगे**
- **यही स्थिति जारी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड के संसाधनों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की योजना किसी से छुपी नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल के माध्यम से झारखंड में बसाकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार में हिंदू होना मानो अपराध बन चुका है।

मरांडी ने कहा कि पूरे राज्य में ऐसी समस्याएं फैली हुई हैं। चाहे वह अस्पताल में इलाज की बात हो या फिर आवास की। पहले तो प्रधानमंत्री आवास योजना को राज्य में लागू नहीं होने दिया और उनकी मंशा ये थी कि राज्य ने नयी आवास नीति बना कर सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांटे जायेंगे, जो कि प्रधानमंत्री आवास में संभव नहीं था। इसके कारण लाखों लोगों को उनके सपने के घर से वंचित रखा और बाद में अपनी आवास नीति को लाकर बहुत ही कम संख्या में दिये गये और इन आवासों को चुनिंदा समुदाय के लोगों को ही दिया गया, जिसमें काफी बड़ी संख्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की है। जब हिंदू समाज के लोग अपने काम के लिए जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि तुम्हें किसी भी सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। क्योंकि, तुम हिंदू हो।

बाबूलाल ने कहा कि राज्य की जनता के प्रति इस तरह की घृणा हेमंत सोरेन के मन में कई सालों से पनप रही है। हेमंत सोरेन के मन में यह गलतफहमी है कि वे बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट के माध्यम से झारखंड पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लेंगे और उन्हें किसी अन्य वोटर की आवश्यकता नहीं है। हेमंत की इस खतरनाक सोच के परिणाम स्वरूप झारखंड में कई समुदाय उपेक्षित और संसाधनों से वंचित होते जा रहे हैं। यदि यही स्थिति जारी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड के संसाधनों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो जायेगा और राज्य की व्यवस्थाओं में उनकी जड़ें मजबूत हो जायेंगी। उस समय हमें केवल हताशा ही हाथ लगेगी।






## 9 और 13 को सोशल मीडिया पर चलेगा हैशटैग

कोडरमा (आजाद सिपाही)। विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं मतदाता जागरूकता के निमित्त दिनांक 09 एवं 13 नवंबर 2024 को सोशल मीडिया पर हैशटैग वोट देने चलो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के पहला दिन प्रथम चरण हेतु दिनांक 09.11.2024 को अपराह्न 12 बजे से अपराहन 2 बजे तक हैशटैग *#वोट देने चलो* अभियान चलाया जाएयेगा जिसमें जिला के सभी सरकारी कार्यालयों, सभी महाविद्यालयों, उच्च विद्यालयों सभी कोचिंग संस्थानों, सभी व्यवसायिक संगठनों, सभी बूथ अवेयरनेस ग्रुप, सभी कार्यालयों में गठित वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों, सभी पीएसयू, कारखानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों के माध्यम से अभियान व्यापक रूप से संचालित किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मतदाता इस अभियान से जुड़े और इस अभियान को सफल बनायें। 13 नवंबर 2024 मतदान दिवस के दिन मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान करें।

## कार्तिक उद्यापन यज्ञ कलश यात्रा का उद्घाटन



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड ग्राम गडगी मे श्री श्री 108 श्री एकादशी कार्तिक उद्यापन सप्ताह ज्ञान यज्ञ का उद्घाटन आचार्य शंभू सुदन शास्त्री, निरंजन पांडे, राधेश्याम तिवारी, अनुराग पांडे, सृष्टि पांडे के द्वारा विद्युत पूजा अर्चना कर मंत्र उच्चारण करण के तत्पश्चात जिला परिषद केदारनाथ यादव के द्वारा पिता काटकर किया गया। यज्ञकत्ता मसोमात सरस्वती देवी पति स्वर्गीय बोधी महतो के द्वारा किया जा रहा है। कलश यात्रा में महिलाएं माथे पर कलश लेकर जल भरने के लिए नगर भ्रमण करते हुए उत्तर वाहिनी बडानो नदी जय श्री राम, जय भोलेनाथ, जय माता दी, जय हनुमान, हे छठी मैया जयकारे हाथों में भगवा ध्वज लेकर लगाते हुए बडानो नदी पहुंचे। उद्घाटन एवं कलश यात्रा में शामिल मुख्य पुजारी ब्रह्मदेव यादव, भीम यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम पूर्व मुखिया लखपत यादव पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर राणा, जागेश्वर महतो, काशी यादव, मुंशी यादव, वासुदेव यादव, त्रिलोकी यादव, श्याम लाल यादव, मनोज यादव, वीरेंद्र यादव, सुभाष यादव, श्रीकांत यादव, सुनील यादव राम लखन यादव शिवनंदन यादव, रेखा देवी, सुनीता देवी, मुनिया देवी, कोमल कुमारी, प्रतिमा कुमारी, ललिता देवी सहित कई ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल थे।

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म पुलिस ने तीन आरोपियों को भेजा जेल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेघातरी पंचायत के बाराकुरा गांव के पन्द्रह वषीर्या नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना में शामिल आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 6 नवंबर की शाम 15 वषीर्या नाबालिग युवती को भय दिखाकर स्थानीय तीन लोगों ने निर्वस्त्र कर मारपीट करते हुए सामूहिक बलात्कार किया और किसी को नहीं बताने की धमकी दी। पुलिस को सूचना मिलने के बाद कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने तत्परता दिखाते हुए चन्दन कुमार (20 वर्ष, पिता बिजय राजवंशी), रौशन कुमार (19 वर्ष, पिता स्वर्गीय रामविलास भुईयां) और रोहित कुमार (19 वर्ष) तीनों बाराकुरा निवासी को जेल भेज दिया गया। इधर सीपीआईएम के कोडरमा जिला सचिव असीम सरकार द्वारा इस जघन्य कुकृत्य की निन्दा करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। सामूहिक बलात्कार का मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर कड़ी सजा देने की मांग की।

## टाटीझरिया में एनडीए का चुनाव कार्यालय खुला



टाटीझरिया (आजाद सिपाही )। टाटीझरिया में एनडीए के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मांडू एनडीए प्रत्याशी निर्मल ऊर्फ तिवारी महतो की पत्नी सोनोका देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, आजसू अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, प्रमुख संतोष मंडल, मिथिलेश पाठक ने नारियल फोड़कर तथा फीता काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। सोनोका देवी ने कहा कि क्षेत्र में एनडीए को जोरदार समर्थन मिल रहा है। और उन्होंने अपनी जीत का विश्वास जताया। उन्होंने बताया कि सभी चुनावी कार्य इसी कार्यालय से संचालित किए जाएंगे। जिससे कार्यकताओं और मतदाताओं के बीच समन्वय बेहतर तरीके से हो सकेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। जिसमें राजेश यादव, हितेंद्र पटेल, अरूण सिंह, कृष्णा साव, प्रदुम्न साव, अमरेश सिंह, परमेश्वर प्रसाद यादव, पूनम देवी, रीमा कुमारी, शंकर प्रसाद, सहदेव गोप, लोकनाथ गोप, बजरंगी साव, जीतन यादव, अवधकिशोर प्रसाद, प्रभु यादव, सुजीत रजक, रामसेवक यादव, सुरेंद्र प्रसाद, किशोर साव, भुनेश्वर महतो, होपन सिंह, जग्रनाथ राम, जगदीश यादव, भरत सिंह, सुखदेव पांडेय, नारायण महतो, पिंटू साव, बालेश्वर सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यालय उद्घाटन से पूर्व एनडीए कार्यकताओं ने गोधिया, घुघुलिया, केसडा, छोटा डहरभंगा, बडा डहरभंगा, टाटीझरिया में जनसंपर्क अभियान चलाया।

## उमेश कुमार यादव ने किया जनसंपर्क



इचाक (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा विधानसभा से आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार उमेश यादव ने गुरुवार को इचाक प्रखंड में जनसंपर्क चलाया। इस दौरान इचाक बाजार, झरपो, खैरा,लोटवा, लरटांगों, इचाक मोड़ में केतली छाप पर वोट मांगा। कहा कि इस बार बरकट्ठा विधानसभा में परिवर्तन होगा और एक आंदोलनकारी को मौका मिलेगा। साथ ही कहा कि मैं एक सेवक के रूप में चुनाव मैदान में आया हूँ और आगे भी जनता की सेवा करता रहूंगा।

## टायर फटने से अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई गाड़ी

झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची पटना बाईपास रोड स्थित बजाज शोरूम के निकट अगला टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर रोड डायवर्शन के ऊपर चढ़ गयी और गाड़ी तीन पलटी खा कर गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। माल जान का कोई नुकसान नहीं हुआ। गाड़ी नंबर जेएच 0 इपी 7105 के मालिक अनीश सिंह रांची टाइटेनियम बजाज मे जीएम के पोस्ट पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि रांची से पटना अपनी धर्मपत्नी को मायके से लेने जा रहे थे। दुर्घटना के बाद गाड़ी का एयर बैग खुलने से एवं छठ मां के आशीर्वाद से जान बच गयी।

# आशीर्वाद मिला, तो सबसे विकसित होगा सदर विधानसभा क्षेत्र: मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल व सदर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने चुनावी घोषणा संकल्प पत्र जारी किया है। मौके पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने जन कल्याण योजना चलाने की घोषणा की है। उन्होंने घोषणा पत्र जारी करते मतदाताओं से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि वह बरसों से सदर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का सपना देखते रहे हैं। मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया तो सदर विधानसभा को झारखंड का सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। मीडिया से मुखातिब होते भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत स्तर पर जन कल्याण केंद्र की स्थापना की जाएगी। ताकि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को एक ही स्थान पर मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सदर और प्रखंड स्तर के अस्पताल के आधुनिकीकरण करते हुए सुपर स्पेशलिटी मेडिकल सेंटर में तब्दील किया जायेगा। जिला से लेकर प्रखंड अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। कोनार डैम परियोजना को पूर्ण करके शहर में हर घर में नल के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता उदयभान नारायण सिंह, नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष विवेक वरियार, मनोज श्रीवास्तव समेत अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

# सांसद ने किया जनसंपर्क, भाजपा को वोट देने की अपील की



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** हजारीबाग के लोकप्रिय सांसद मनीष जायसवाल विधानसभा चुनाव प्रचार के क्रम में बड़कागांव के बरवाडीह, हेठगढा में जनता के बीच चर्चा करते हुए डबल इंजन की सरकार बनाने और राष्ट्र हित में वोट देने के अपील की। चुनाव प्रचार के क्रम में हेटगढा में और बरवाडीह में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और बहुमत से सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कमल फूल छाप में वोट देने का विश्वास दिलाया। साथ में भारतीय जनता पार्टी और आजसू के कार्यकर्ता शामिल थे। उनमें से मंडल अध्यक्ष आदित्य साहु सोनी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल मिश्रा, केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष केरेडारी गोविंद सोनी,जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद, आजसू जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र साव, भाजपा महामंत्री नरसिंह प्रसाद, किशोर राणा , पूनम साहू, कैलाश राणा कृष्णा साव, काली नाथ गुप्ता तिलानाथ साव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता एवं जनता उपस्थित थे।

### हर्ष अजमेरा ने आधुनिक हजारीबाग के निर्माण का संकल्प पत्र किया जारी

# मेरा उद्देश्य राजनीति नहीं बल्कि सेवा है : हर्ष अजमेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार हर्ष अजमेरा ने शुक्रवार को आधुनिक हजारीबाग का संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। संकल्प पत्र में उन्होंने हजारीबाग के विकास और प्रगति के लिए 10 प्रमुख मुद्दों को प्राथमिकता दी है। श्री अजमेरा ने कहा कि राजनीति में उनका प्रवेश केवल समाजसेवा और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुआ है, न कि केवल राजनीति करने के लिए। उनके संकल्प पत्र का मुख्य उद्देश्य एक न्यायपूर्ण, भयमुक्त, और सर्वांगीण विकास वाला हजारीबाग बनाना है। रोजगार के अवसर हजारीबाग के युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना। शिक्षा का सुधार,स्थानीय मुद्दों का समाधान,पेयजल संकट ग्राम वार्ड में आधुनिक जल संचयन तकनीक का उपयोग कर वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देना। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग की जनता ने मुझे एक उम्मीद और विश्वास के साथ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में स्वीकार किया है। मेरा उद्देश्य राजनीति नहीं बल्कि सेवा, न्याय और विकास को स्थापित करना है।

# शहरी क्षेत्र में जनता का मुन्ना सिंह के प्रति दिख रहा झुकाव, मिल रहा समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग विधानसभा से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने गुरुवार को सिरसी नगरनिगम क्षेत्र में एक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान में उन्होंने सिरसी, डामोडीह, रसूलीगंज, इमली कोठी, खान रोड, लेपो रोड (कब्रिस्तान चौक), अंसारी रोड, कटहल चौक, नमस्कार चौक, सिरका, यशवंत नगर मंदिर, और बड़का गांव रोड सहित कई क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिला। इस चुनाव में जनता का झुकाव मुन्ना सिंह के प्रति स्पष्ट रूप से दिख रहा है। मुन्ना सिंह की लोकप्रियता और उनकी सादगी से प्रभावित होकर जनता महागठबंधन के समर्थन के मूड में दिख रही है।

# बड़कागांव में भाजयुमो का परिवर्तन चौपाल कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा बड़कागांव पश्चिमी मंडल में जिला अध्यक्ष राजकरण पांडे के अध्यक्षता में परिवर्तन चौपाल लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल, झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता पूनम साव, खेल प्रकोष्ठ संयोज नीरज कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, बद्री नारायण सिंह,भाजपा किसान मोर्चा रामगढ़ जिला प्रभारी राजू साव जी उपस्थित रहें। मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल ने कहा कि झारखंड में ठगबंधन की सरकार 5 साल तक युवाओं को ठगने का काम किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही 2.87 लाख रोजगार दिया जायेगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब रघुवर दास का सरकार था उस समय किसी का हिम्मत नहीं होता था कि वो हमारे त्योहारों में पत्थर चला दें। इस लिए इस बार भारतीय जनता पार्टी का सरकार बनाना है। बड़कागांव विधानसभा सभा से भरी मतों से रोशन लाल चौधरी को जीता कर विधायक बनाना है। कार्यक्रम सभा का समाप्ति का घोषणा जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ.शिबू मेहता के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिला मंत्री अमित प्रसाद गुप्ता, मंडल महामंत्री इंद्रभूषण, भाजपा नेता अवध किशोर यादव, मनीष पांडे, मेवा लाल नाग, अवध किशोर कुमार, विनोद गोस्वामी, सत्यजीत विद्यालंकार, सुनील कुमार ठाकुर, पवन रजक, ऋतु राज, इंद्रजीत, अमरेश सिंह, विकास कुमार, रैंकर किशोर, अनिल राज के साथ साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।


## प्रारूप -C1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **सरयू प्रसाद वर्मा,** ग्राम-बड़कीधमराय, पो0-तिलैयाडेम, थाना - जयनगर, जिला - कोडरमा (झारखण्ड)
राजनीतिक दल का नाम :- **बहुजन समाज पार्टी**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **20 - बरकट्ठा**

मेरे विरुद्ध निम्नलिखित आपराधिक मामले लंबित हैं।
(यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक मामले लंबित हैं तो इस विकल्प को चिन्हांकित करें और उपरोक्त विकल्प (प) को काट दें और नीचे की सारणी में सभी लंबित मामलों का ब्यौरे दें)

सारणी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं. | जयनगर, थाना कांड सं. 236/21 | लागू नही | लागू नही |
| (ख) | न्यायालय के नाम के साथ मामला स. | ए.सी जेस म कोडरमा 236/21 | लागू नही | लागू नही |
| (ग) | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं धारा की सं. दें अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा | धारा- 341/323 325/353/504/ 506/34 I.P.C. | लागू नही | लागू नही |
| (घ) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | जमानतीय | लागू नही | लागू नही |
| (ड़) | क्या आरोप विरचित किए गए हैं (हां या नहीं का उल्लेख करें) | नहीं | लागू नही | लागू नही |
| (च) | यदि उपर्युक्त मद (ड.) के सामने उत्तर हां है, तो वह तारीख दें, जिसको आरोप विरचित किए गए थे | लागू नही | लागू नही | लागू नही |
| (छ) | क्या कार्यवाहियों के विरुद्ध कोई अपील पुनरक्षित के लिए आवेदन फाईल किया गया है (हाँ या नही का उल्लेख करें) | नहीं | लागू नही | लागू नही |

ह0/-
सरयू प्रसाद वर्मा
बहुजन समाज पार्टी
20- बरकट्ठा विधानसभा 2024

## Format C1

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme court in WP(CIVIL) NO.536 OF 2011 (Public interest Foundation & Others Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Amarjeet Kumar**
Name of Political Party: **"Independent"**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election : **Legislative Assembly, Jharkhand**
Name of Constituency : **79- Husianabad**

I **Amarjeet Kumar ,** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election declare for public information the following details about my criminal antecedents.

(A) Pending criminal Cases

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA | NA |
| | NA | NA | NA | NA |
| | NA | NA | NA | NA |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl.No. | Name of court & date(s) of order(s) | Description of Offence (s) and Punishment imposed. | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

In the case of election to council of States or election to Legislative council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-
**Amarjeet Kumar**
**Independent**
**79 - Husainabad, Jharkhand**

# रामगढ़, मांडू और बड़कागांव का मुकाबला हुआ दिलचस्प

## रामगढ़ में पनेश्वर, मांडू में बिहारी और बड़कागांव विस में बालेश्वर ने विपक्षियों की बढ़ायी धड़कन

**सभा और रोड शो कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में करेंगे प्रचार**

**बीरु कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव, मांडू और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। पहला फेज और दूसरे फेज के मतदान की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है। वैसे वैसे विभिन्न दलों के प्रत्याशी अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया है। इसी बीच राजनीति में उदय हुआ जयराम महतो की पार्टी ने मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। खासकर मुकाबला रामगढ़, बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र में कांटे की टक्कर होने की आसार हो हो गयी है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने रामगढ़ से पनेश्वर कुमार, बड़कागांव से बलेश्वर मेहता और मांडू विधानसभा क्षेत्र से बिहारी महतो को पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। तीनों प्रत्याशियों ने टिकट मिलते ही अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराया है। तूफानी दौरा से लग रहा है कि इस बार का मुकाबला कांटे का होगा। इसके अलावा विपक्षियों को भी सोचने पर मजबूर करा दिया है।

**आज होगा रामगढ़, बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र में जयराम का इंट्री :** जेएलकेएम के सुप्रीमो टाइगर महतो का इंट्री शनिवार को रामगढ़, बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहा है। जयराम महतो बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र में सभा कर अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। जबकि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में रोड शो कर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे।

**जयराम महतो का रोड मैप तैयार, बंजारी मंदिर से शुरू होगा रोड शो :** टाइगर जगराम महतो का रोड शो बंजारी मंदिर से प्रारंभ होगा। जिसके बाद सुभाष चौक होते हुए बाइक रैली के साथ

टायर मोड़, पटेल चौक, गंडके घाटी, डेली पयला, जामसिंग चौक, दुलमी बाजारटांड़ प्रियातु चौक, बुध बाजार, बोंगासवरी, बिरहोन्हे,सिकनी मोड़, चितरपुर बाजारटांड़, बारलौंग, निर्मल महतो चौक, गोबरदरहा चौक में रैली का समापन किया जायेगा।

# दामोदर नदी में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा शुक्रवार को उदीयमान भगवान भुवन भास्कर को अर्ध्य के साथ संपन्न हुआ। गुरुवार को छठव्रती पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-सामग्री और फल-फूल सूप-दउरा में सजाकर अपने-अपने घरों से पारंपरिक छठ गीत गाते हुए जिले के दामोदर नदी, बिजुलिया तालाब सहित विभिन्न छठघाटों और जलाशयों तक पहुंचे।

इस दौरान विभिन्न जगहों पर छठव्रतियों ने डंडवत होकर भगवान सूर्य को नमन किया। छठघाट में पहुंचकर स्नान-ध्यान एवं पूजा-अर्चना कर छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्ध्य दिया। जबकि शुक्रवार की अहले सुबह छठव्रती छठघाट पहुंच कर विधिवत उदीयमान भगवान भुवन भास्कर को दूसरा अर्ध्य दिया। तत्पश्चात हवन के बाद छठव्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद श्रद्धालु के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा को ले छठ घाट और मार्गों पर आकर्षक विद्युत सज्जा व तोरणद्वार भी बनाया गया था। महापर्व में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सशस्त्र बल मुस्तैदी से डटी रही। इधर गुरुवार की शाम गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने थाना चौक स्थित छठ घाट दामोदर नदी जाने वाले पर पर फीता काटकर शुभारंभ किया। जिसके बाद वे छठ घाट पहुंचकर विधि व्यवस्था को देखा। छठ पूजा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी सक्रिय दिखी।

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने इंडी गठबंधन पर लगाया बड़ा आरोप

# झारखंड के सीएम, मंत्री और विधायकों ने शपथ पत्र में दी झूठी जानकारी : प्रतुल

**अंबा प्रसाद वेलफेयर फाउंडेशन से मनी लॉन्ड्रिंग होने की संभावना**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** त्योहार खत्म हुए तो झारखंड विधानसभा का चुनाव अपनी रफ्तार पकड़ने लगा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव शुक्रवार को रामगढ़ पहुंचे, तो उन्होंने सीधे झारखंड सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनके अन्य मंत्री और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने चुनाव आयोग को ही झूठी जानकारी शपथ पत्र में दे दी है। लेकिन इस बार के चुनावी रण में इस धोखेबाज सरकार की हार तय हो गयी है। पटेल चौक स्थित भाजपा के मुख्य चुनावी कार्यालय में भाजपा और आजसू ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर इंडि बंधन पर पड़ा आरोप लगाया। प्रतुल शाह देव ने कहा कि पहले तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी कई संपत्तियां और आयु के बारे में शपथ पत्र में गलत जानकारी दी। उनके देखा देखी अनेक मंत्री और विधायकों का शपथ पत्र भी जांच के दायरे में आ गया है।

**अंबा प्रसाद ने नहीं दी कई जरूरी जानकारी :** बड़कागांव की विधायक अम्बा प्रसाद ने 'अंबा प्रसाद वेलफेयर फाउंडेशन' का जिक्र ही नहीं किया है। जिस तरह उन्होंने जानकारी छुपी है उसे ऐसा लगता है कि उन्होंने इस फेडरेशन के बैनर तले मनी लांड्रिंग की है। इसके अलावा लेटर हेड में हजारीबाग स्थित हुरहुरू आवास का जिक्र नहीं किया। वह स्थायी पता अपने पैतृक घर ग्राम पहरा, केरेडारी, जिला हजारीबाग बताई है। लेकिन स्थायी पता में घर,जमीन का विवरण और उसका कीमत नहीं बताई है। जबकि ये उनका पैतृक घर है। जानकारी के मुताबिक पैतृक संपत्ति का बंटवारा भी नहीं हुआ है। फिर उन्होंने अपने हिस्से को क्यों छुपाया।

**बैंक खातों के डिटेल में भी है लोचा :** प्रतुल शाह देव ने कहा कि अम्बा प्रसाद के तीन बैंक खातों में खाता नंबर...4390 में 24.00 लाख रुपये, खाता नंबर ...5937 में 0.25 लाख रुपया,खाता नंबर ...4041 में 4.18 लाख रुपया यानी कुल 28 लाख 43 हजार प्रवर्तन निदेशालय ने फ्रिज किया है। लेकिन शपथ पत्र में तीन बैंक खातों में लगभग 32 लाख रुपया बताया है।

**बड़कागांव में विधायक के खिलाफ जनता लड़ रही चुनाव : विजय साहू** प्रेस कॉन्फ्रेंस में आजसू के प्रदेश सचिव विजय साहू ने कहा कि बड़कागांव में विधायक अंबा के खिलाफ जनता चुनाव लड़ रही है। पिछले 5 सालों में अंबा प्रसाद ने जनता का शोषण किया है।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये थे उपस्थित :** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, आजसू पार्टी के प्रदेश सचिव विजय साहू, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी, मीडिया प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, विजय जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# कल तारण गुरुनानक आया, सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध जग चानन होया...

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के छठे दिन शुक्रवार को भी प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे से पूरा शहर भक्ति में हो गया। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर जसकीरत सिंह सैनी और गुरजोत सिंह अगवाई कर रहे थे। इस दौरान कल तारण गुरुनानक आया, सतगुरु नानक प्रगतया मिटी धुंध जग चानन होया जैसे शब्दों से संगत निहाल हो रहे थे। वही, गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार भूपेंद्र सिंह चंडोक ने सरदार महिपाल सिंह छाबड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया। उसके पश्चात प्रभात फेरी महाराज शु के आवास पहुंची। यहां परिवार वालों ने साथ-संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार पलविंदर सिंह बल ने महाराजा शु के सरदार त्रिलोचन सिंह को सरोपा देखकर सम्मानित किया। प्रभातफेरी में गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा, हरजाप सिंह गांधी, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, पूर्व छावनी परिषद उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह, राजू जस्सल, हरमिंदर सिंह जौली, हरप्रीत सिंह खालसा, रज्जी गांधी, रिकी आनंद, रमन सिंह कोहली, कशिश छाबड़ा, अंकित कालरा, प्रसिद्ध सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, विक्की छाबड़ा, हरेंद्र छाबड़ा, राजू छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह, बबलू छाबड़ा, गुरजीत सिंह शान, कुलवंत सिंह मारवाह, रोमी छाबड़ा, जगजीत सिंह जग्गी, राजू नंदा, अंगद चंडोक, गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह, राजा कालरा, चरणजीत जौली, नवल मल्होत्रा, रोमी कौर, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर, मनप्रीत कौर सैनी, दलजिंदर कौर सैनी, बलविंदर कौर, सतविंदर कौर सहित सिख समाज के कार्य महिला-पुरुष शामिल थे।


## प्रारूप C-1

### आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायलय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और आर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यार्थी का नाम और पताः **रामवतार राम, ग्राम+पो.+पंचायत-कसियाडीह, थाना- टण्डवा, पिन-825321 जिला-चतरा, झारखंड,**

राजनीतिक दल का नामः **बहुजन समाज पार्टी**

निर्वाचन का नाम : **झारखंड विधान सभा चुनाव 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नामः **26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.)**

मैं **रामवतार राम** (अभ्यर्थी का नाम ), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यार्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्वव्रित्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूंः

(A ) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | सबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.जे.एम कोर्ट चतरा | थाना–टण्डवा जिला चतरा कांड संख्या 125/2020 | अंतिम आरोप प्रपत्र के लिए लंबित | आई. पी. सी. 143,149,279,270,341,342,353,385,290,425 |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का कोई विवरणः लागू नहीं होता है।

ह/0
रामवतार राम
बहुजन समाज पार्टी
सिमरिया विधानसभा (अ.जा.)


# गोपाष्टमी महोत्सव पर 125 गायों की होगी पूजा

**रामगढ़।** श्री रामगढ़ गौशाला कमेटी के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विकास नगर स्थित गौशाला परिसर में 66 वां गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें गौशाला परिसर में 125 गाईयों के पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। साथ ही गोपाष्टमी महोत्सव पर तुलादान महादान का भी आयोजन किया गया है। मौके पर गौशाला कमेटी के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल ने बताया कि गोपाष्टमी महोत्सव पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री कृष्ण विद्या मंदिर एवं श्री राम प्रताप रानी लिया स्कूल के बच्चों के द्वारा आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार, पूर्व मेयर धनबाद चंद्रशेखर अग्रवाल एवं रांची के समाजसेवी गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया होंगे। उन्होंने बताया कि सुबह 11 से महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। तैयारी में नंदलाल अग्रवाल, महेश अग्रवाल, महावीर बोदिया, विमल जाजू, अशोक अग्रवाल, इंदर अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, बालकृष्ण जालान, अधिवक्ता आनंद अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, पिंकी रानीलिया का सहयोग मिल रहा है।

## आजसू पार्टी की 30 प्रमुख गारंटी

- हर परिवार को हर साल 1.21 लाख की न्यूनतम आमदनी सुनिश्चित की जायेगी।
- बीपीएल परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली।
- छह हजार से लेकर 25 हजार तक की इंटर्नशिप राशि।
- निर्मल महतो युवा निर्माण योजना के तहत बेरोजगार स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को 30 हजार सालाना।
- नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये।
- हर खेत तक किसानों को मुफ्त पानी एवं बिजली उपलब्ध करायी जायेगी।
- वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग को 2500 रुपये पेंशन।
- झारखंड आंदोलन के वीर शहीदों के परिवार को 10 हजार प्रति माह।
- बिनोद बिहारी महतो जन सुरक्षा योजना के तहत हर नागरिक को 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा।
- भूमिहीन, खेतिहर मजदूर एवं कमजोर किसान परिवार के लिए 5 लाख का दुर्घटना बीमा।
- भूमिहीन खेतिहर परिवार को 25 हजार रुपये।
- कमजोर किसान परिवार को 12 हजार रुपये प्रति वर्ष।
- गरीब एवं कमजोर परिवार को 10 लाख रुपये का जीवन बीमा।
- प्रत्येक महिला संकुल संगठन को 20 लाख रुपये का पूंजी अंशदान।
- शिक्षक, सिपाही एवं पंचायत सेवकों की भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण।
- दलितों के लिए अंबेडकर उदय योजना।
- अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के लिए शेख भिखारी अल्पसंख्यक विकास योजना।
- झारखंडी कला, संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए वाद्य यंत्रों का वितरण।
- विधानसभा सीटों की संख्या में वृद्धि एवं विधान परिषद का गठन।
- हर रैयत को लैंड पासबुक।
- अंतिम सर्वे खतियान आधारित स्थानीयता नीति बनायी जायेगी।
- झारखंड आंदोलनकारियों के परिवार को सरकारी नौकरी में आरक्षण।
- आबादी के अनुसार पिछड़ों को आरक्षण।
- सभी भूमिहीनों को जमीन।
- हर विधानसभा क्षेत्र में उद्योग की स्थापना।
- पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन।
- सरना धर्म कोड को मान्यता।
- रोजगार एवं पुनर्वास आयोग का गठन।
- अवैध खनन, जमीन लूट एवं परीक्षा पेपर लीक से जुड़े अपराधियों को 10 वर्ष की सजा।
- पेसा कानून को सख्ती से लागू किया जायेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कौलेश्वरी मंदिर में मुंडन संस्कार को लेकर उमड़ा जनसैलाब



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तीन धर्मों व जैन बौद्ध एवं सनातन धर्म के संगम स्थल सिद्ध पीठ मां कौलेश्वरी पहाड़ पर शुक्रवार को मुंडन संस्कार को लेकर बिहार एवं झारखंड सहित अन्य राज्यों से जनसैलाब उमड़ा। कौलेश्वरी पहाड़ पर श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा पहाड़ भरा रहा। वाहनों की अपार भीड़ से यातायात व्यवस्था अस्त व्यस्त रहा। मंदिर में माता के दर्शन को लेकर कतार में खड़े होकर श्रद्धालु जयकारे लगाते रहें।

### पत्रकार प्रो धीरेंद्र नाथ सिंह को मातृ शोक



**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार प्रो धीरेंद्र नाथ सिंह की धर्म पत्नी एवं हिंदुस्तान अखबार के प्रखंड रिपोर्टर कुमार विवेक रंजन की मां आशा देवी की मौत बिहार के गया स्थित एम्स में इलाज के दौरान गुरुवार की देर शाम हो गयी। उनका पार्थिव शरीर को कॉलेज स्टेडियम के समीप अंतिम दाह संस्कार किया गया। बुधवार की देर रात सीने में दर्द हुआ था। इसके बाद प्राथमिक उपचार के वाद बेहतर इलाज के लिए गया। एम्स में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। उनके असमय मौत हो जाने से घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान, निर्दलीय प्रत्याशी अशोक गहलोत, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरूण कुमार सिंह, समाज सेवी कल्लु सिंह, जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, डिग्री कॉलेज के प्रचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि बेचन पासवान, मुखिया बसंती पन्ना, पूर्व जिला परिषद सुनील दास, विनय सेंगर, पत्रकार अमरेंद्र प्रताप सिंह, देवलाल यादव, सरयु यादव, काशिफ इकबाल, डा. फहीम अहमद ,सुनील कश्यप, सोहेल अहमद ,रोहित अलबेला, गुप्तेश्वर सिंह शामिल हुए एवं शोक व्यक्त किया।


### पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

धनबाद, दिनांक 05/11/2024

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**(1) ई–निविदा सं. 235-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** वरीय अनु. अभि. (रेलपथ)./टीडी /धनबाद के अधीन कार्य निरिक्षक /रेल पथ निरिक्षक स्टोर से संबंधित हर प्रकार के छोटे फिटिंग्स, मशीनरी एवं औजार, कंजयुमेबलस, स्वीचों, सीएमएस क्रासिंगों, स्वीच विस्तार जोड़ों, गुलुड जोड़ों आदि भारी सामानों की आकस्मिक आधार पर भारत वर्ष के किसी भी गोदामों एवं कार्यशालों से ट्रकों अथवा ट्रेलरों से सड़क मार्ग द्वारा परिवहन के साथ माल चढ़ाना, उतारना, ढुलाई, एवं व्यवस्थित रूप से रखना। **18 (अठारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 1,31,73,270.70

**(2) ई–निविदा सं. 236-DHN- 2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** सहा. अभि. पू. म. रेल,/डाल्टनगंज के अधीन डाल्टनगंज सब–डिविजन की जोन सं.40 में सामान्य, लकड़ी, पाइप एवं सेनेटरी और सड़क कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2025), **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 40,00,000.00 **ब्याने की राशि (रू. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 29.11.2024 को 12.00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 29.11.2024 को 12.30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), धनबाद**
**पीआर/1479/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/24–25/48**



### पूर्व मध्य रेल

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र०सं० 01, ई–निविदा संख्या : ईएल/24/ खुली/ 2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (अ) ओबराः ओबरा में 8 यूनिट टाईप III क्वार्टर के निर्माण (ब) शक्तिनगर – शक्तिनगर में रिप्लेसमेंट अकाउंट पर 16 यूनिट टाईप–II स्टाफ क्वार्टरों के स्थान पर 16 यूनिट टाइप–III स्टाफ क्वार्टर के रिप्लेसमेंट से संबंधित विद्युतीय कार्य। **(कार्य समापन अवधिः नौ माह), कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 39,25,471.99, बिड सिक्युरिटी – 78,500.00, **क्र०सं० 02, ई–निविदा संख्या : ईएल/25/ खुली/ 2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (अ) धनवाद मंडलः धनवाद मंडल के 13 स्टेशनों पर ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में सुधार (व) धनवादः, धनबाद में आरपीएसएफ बैरक के लिए 1 बहुमंजिला आर्मरर भवन, रसोई और डाइनिंग हॉल और चारदीवारी के प्रावधान (स) कोडरमाः पुरुष/महिला हाजत के साथ आरपीएफ पोस्ट के प्रावधान (द) धनवादः –धनवाद में आरपीएसएफ की यूनिट कैंटीन बिल्डिंग, बहुमंजिला पुरानी इमारत और मनोरंजन हॉल के नवीनीकरण (इ) चोपनः चोपन में सहायक सुरक्षा आयुक्त कार्यालय के निर्माण से संबंधित विद्युतीय कार्य। (कार्य समापन अवधिः नौ माह) **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 67,10,654.73, बिड सिक्युरिटी – 1,34,200.00, **ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** ई–निविदा बंद होने की तिथि 29.11.2024 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि 29.11.2024 को 11:30 बजे के बाद **वेबसाईट का विवरणः** वेबसाईटः www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), धनबाद**
**पीआर/1480/डीएचएनजीएस/ईजीईएन/टी/24–25/60**



## Format C1

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme court in WP(CIVIL) NO.536 OF 2011 (Public interest Foundation & Others Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Durgawati Oreya**
Name of Political Party: **"Independent"**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election : **Member of the Legislative Assembly, Jharkhand**
Name of Constituency : **60- Khunti(S.T.)**

1. **Durgawati Oreya,** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election declare for public information the following details about my criminal antecedents.

(A) Pending criminal Cases

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| | J.M.F.C. XIII | G.R. 2925/17 | Appearance | U/s 147,148,353,504,149 of the I.P.C. Unlawful assembly criminal force to deter public servant from is duty. |
| | | G.R. 2932/17 | Evidence | U/s 143,144,149,150,153, 279,353,120 B of I.P.C. Unlawful assembly want only giving provocation with intent to cause riot and criminal force to deter public servant from his duty. |

Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl.No. | Name of court & date(s) of order(s) | Description of Offence (s) and Punishment imposed. | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

In the case of election to council of States or election to Legislative council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/-**
**Durgawati Oreya**
**Independent**
**Jharkhand**

# भारत की अहमियत और ज्यादा होगी

भारत और अमेरिका के आपसी रिश्ते अब उस अवस्था में नहीं रह गये हैं कि उन्हें किसी खास पार्टी या नेता की अगुआई वाली सरकार की दरकार हो। लेकिन इसके बावजूद अगर अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप का फिर से राष्ट्रपति चुना जाना द्विपक्षीय रिश्तों के लिहाज से एक उत्साहपूर्ण घटना मानी जा रही है, तो यह बेवजह नहीं है। दोनों देशों के रिश्तों के कई ऐसे पहलू हैं, जहां वाइट हाउस में ट्रंप की मौजूदगी का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की उम्मीद की जा रही है। जब से यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, भारत ने यह स्पष्ट नीति रखी है कि वह युद्ध के खिलाफ है, लेकिन रूस से अपनी पुरानी मित्रता पर कोई समझौता नहीं करने वाला। मोटे तौर पर सभी पक्षों ने भारत के इस रुख को स्वीकार भी किया है, लेकिन फिर भी बाइडन सरकार ने इस पर अपनी नाखुशी जताने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं दिया। अब ट्रंप के आने के बाद इस मोर्चे पर राहत की उम्मीद कई वजहों से है। अव्वल तो खुद ट्रंप कह चुके हैं कि वह रूसी राष्ट्रपति पूतिन को पसंद करते हैं। दूसरी बात यूक्रेन युद्ध पर उनका घोषित रुख भी बाइडन से अलग रहा है। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान चीन के साथ ट्रेड वॉर की पृष्ठभूमि में देखें तो यह संभावना निराधार नहीं है कि हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ी हुई आक्रामकता पर उनका रुख बाइडन सरकार के मुकाबले और कड़ा हो सकता है। दूसरे शब्दों में, उनकी नजर में भारत की अहमियत और ज्यादा होगी। हालांकि इसका नतीजा क्वॉड जैसे मंचों को सामरिक रूप देने पर जोर के रूप में भी आ सकता है, जिससे भारत इनकार करता रहा है।


**चीन के प्रति ट्रंप के संभावित कड़े रुख के साइड इफेक्ट के रूप में भारत को बेहतर मौके मिलें तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। चीन से मुंह मोड़ने वाली कई कंपनियां भारत को विकल्प के रूप देख सकती हैं।**

चीन के प्रति ट्रंप के संभावित कड़े रुख के साइड इफेक्ट के रूप में भारत को बेहतर मौके मिलें तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। चीन से मुंह मोड़ने वाली कई कंपनियां भारत को विकल्प के रूप देख सकती हैं। वैसे भी ट्रंप के अगले कार्यकाल में अमेरिका और भारत के बीच रक्षा सहयोग बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। तमाम उम्मीदों के बीच ट्रंप के इस कार्यकाल को लेकर कुछ ठोस आशंकाएं भी हैं। सबसे बड़ा सवाल प्रवासियों पर उनके रुख को लेकर है। देखने वाली बात यह होगी कि उनकी सरकार अवैध प्रवासियों को ही निशाना बनाती है या वैध तौर पर आने वाले हाई स्किल्ड प्रफेशनल्स की राह को भी मुश्किल बनाती है। बहरहाल, सबसे बड़ी बात यह है कि डॉनल्ड ट्रंप, पीएम मोदी और भारत को लेकर दोस्ती का भाव रखते हैं और नजरिया पॉजिटिव हो तो रिश्तों के दरम्यान आने वाले छोटी-मोटी बाधाएं यूं ही दूर होती रहती हैं।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**युवाओं के लिए, श्री रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं, जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं, जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पायी जा सकती है। रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे।**

# भारत के रतन का जाना...



**नरेंद्र मोदी**



आज श्री रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है...एक अमूल्य रत्न को खो दिया है।

आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है। पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग...समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं। और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं।

**मैं रतन टाटा जी को एक विद्वान व्यक्ति के रूप में भी याद करता हूं।**

युवाओं के लिए, श्री रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं, जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं, जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पायी जा सकती है।

रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नयी ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।

दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये श्री रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में, वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गये। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता को पहचाना।

भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नये सपने देखने वाली नयी पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने का हौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। आने वाले दशकों में हम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभाव जरूर देखेंगे।

रतन टाटा जी ने हमेशा बेहतरीन क्वालिटी के प्रॉडक्ट...बेहतरीन क्वालिटी की सर्विस पर जोर दिया और भारतीय उद्यमों को ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करने का रास्ता दिखाया। आज जब भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हम ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करते हुए ही दुनिया में अपना परचम लहरा सकते हैं। मुझे आशा है कि उनका ये विजन हमारे देश की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और भारत वर्ल्ड क्लास क्वालिटी के लिए अपनी पहचान मजबूत करेगा।

रतन टाटा जी की महानता बोर्डरूम या सहयोगियों की मदद करने तक ही सीमित नहीं थी। सभी जीव-जंतुओं के प्रति उनके मन में करुणा थी। जानवरों के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर था और वे पशुओं के कल्याण पर केंद्रित हर प्रयास को बढ़ावा देते थे। वो अक्सर अपने डॉग्स की तस्वीरें साझा करते थे, जो उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा थे। मुझे याद है, जब रतन टाटा जी को लोग आखिरी विदाई देने के लिए उमड़ रहे थे...तो उनका डॉग 'गोवा' भी वहां नम आंखों के साथ पहुंचा था।

रतन टाटा जी का जीवन इस बात की याद दिलाता है कि लीडरशिप का आकलन केवल उपलब्धियों से ही नहीं किया जाता है, बल्कि सबसे कमजोर लोगों की देखभाल करने की उसकी क्षमता से भी किया जाता है।

रतन टाटा जी ने हमेशा नेशन फर्स्ट की भावना को सर्वोपरि रखा। 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद उनके द्वारा मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल को पूरी तत्परता के साथ फिर से खोलना इस राष्ट्र के एकजुट होकर उठ खड़े होने का प्रतीक था। उनके इस कदम ने बड़ा संदेश दिया कि- भारत रुकेगा नहीं...भारत निडर है और आतंकवाद के सामने झुकने से इनकार करता है।

व्यक्तिगत तौर पर, मुझे पिछले कुछ दशकों में उन्हें बेहद करीब से जानने का सौभाग्य मिला। हमने गुजरात में साथ मिलकर काम किया। वहां उनकी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। इनमें कई ऐसी परियोजनाएं भी शामिल थीं, जिसे लेकर वे बेहद भावुक थे।

जब मैं केंद्र सरकार में आया, तो हमारी घनिष्ठ बातचीत जारी रही और वो हमारे राष्ट्र-निर्माण के प्रयासों में एक प्रतिबद्ध भागीदार बने रहे। स्वच्छ भारत मिशन के प्रति श्री रतन टाटा का उत्साह विशेष रूप से मेरे दिल को छू गया था। वह इस जन आंदोलन के मुखर समर्थक थे। वह इस बात को समझते थे कि स्वच्छता और स्वस्थ आदतें भारत की प्रगति की दृष्टि से कितनी महत्वपूर्ण हैं। अक्टूबर की शुरुआत में स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ के लिए उनका वीडियो संदेश मुझे अभी भी याद है। यह वीडियो संदेश एक तरह से उनकी अंतिम सार्वजनिक उपस्थितियों में से एक रहा है।

कैंसर के खिलाफ लड़ाई एक और ऐसा लक्ष्य था, जो उनके दिल के करीब था। मुझे दो साल पहले असम का वो कार्यक्रम याद आता है, जहां हमने संयुक्त रूप से राज्य में विभिन्न कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन किया था। उस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वो अपने जीवन के आखिरी वर्षों को हेल्थ सेक्टर को समर्पित करना चाहते हैं। स्वास्थ्य सेवा एवं कैंसर संबंधी देखभाल को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि वो बीमारियों से जूझ रहे लोगों के प्रति कितनी गहरी संवेदना रखते थे।

मैं रतन टाटा जी को एक विद्वान व्यक्ति के रूप में भी याद करता हूं - वह अक्सर मुझे विभिन्न मुद्दों पर लिखा करते थे, चाहे वह शासन से जुड़े मामले हों, किसी काम की सराहना करना हो या फिर चुनाव में जीत के बाद बधाई संदेश भेजना हो।

अभी कुछ सप्ताह पहले, मैं स्पेन सरकार के राष्ट्रपति श्री पेड्रो सांचेज के साथ वड़ोदरा में था और हमने संयुक्त रूप से एक विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस फैक्ट्री में सी-295 विमान भारत में बनाये जायेंगे। श्री रतन टाटा ने ही इस पर काम शुरू किया था। उस समय मुझे श्री रतन टाटा की बहुत कमी महसूस हुई।

आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं, तो हमें उस समाज को भी याद रखना है, जिसकी उन्होंने कल्पना की थी। जहां व्यापार, अच्छे कार्यों के लिए एक शक्ति के रूप में काम करे, जहां प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता को महत्व दिया जाये और जहां प्रगति का आकलन सभी के कल्याण और खुशी के आधार पर किया जाये। रतन टाटा जी आज भी उन जिंदगियों और सपनों में जीवित हैं, जिन्हें उन्होंने सहारा दिया और जिनके सपनों को साकार किया। भारत को एक बेहतर, सहृदय और उम्मीदों से भरी भूमि बनाने के लिए आने वाली पीढ़ियां उनकी सदैव आभारी रहेंगी।

**(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# महाराष्ट्र में वीर सावरकर को कांग्रेस ने गाली दी : नरेंद्र मोदी

**महाविकास अघाड़ी को दी चुनौती, कांग्रेस नेताओं से बाल ठाकरे की प्रशंसा करवाकर दिखायें**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की। नासिक में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग महाराष्ट्र में वीर सावरकर का अपमान करते हैं। पीएम ने कहा कि देश और महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहब ठाकरे का योगदान अतुलनीय है, लेकिन कांग्रेस नेताओं के मुंह से बाला साहब ठाकरे की प्रशंसा में एक शब्द नहीं निकलता है। उन्होंने कहा कि मैं महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस के दोस्तों को चुनौती देता हूं कि वे कांग्रेसी नेताओं से बाला साहब ठाकरे और उनकी विचारधारा की प्रशंसा करवाकर दिखायें। 50 मिनट के भाषण में मोदी ने कहा कि एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे। पहले वे धर्म के नाम पर लड़ाते थे। इसी के चलते देश का बंटवारा हुआ। अब वे जातियों को लड़ाने का काम कर रहे हैं। ये भारत के खिलाफ साजिश है। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव होंगे। रिजल्ट 23 नवंबर को आयेगा। भाजपा महायुति गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 148, शिंदे गुट ने 80, अजित गुट ने 53 उम्मीदवार उतारे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र से मेरा अपनापन आप सब जानते हैं। महाराष्ट्र से मैंने जब भी कुछ मांगा है, यहां के लोगों ने दिल खोलकर मुझे आशीर्वाद दिया। 2014 के विधानसभा चुनाव में मैं यहां आया था। मैंने आपसे महाराष्ट्र में भाजपा सरकार के लिए आग्रह किया था। आपने राज्य में 15 साल के सियासी कुचक्र को तोड़कर भाजपा को जीत दिलायी। आज मैं धुले की धरती से मैं महाराष्ट्र में चुनाव अभियसान की शुरुआत कर रहा हूं।

# यूपी में महिलाओं का नाप नहीं ले सकेंगे पुरुष टेलर

**कानपुर हत्याकांड के बाद महिला आयोग का आदेश**

**जिम में महिला ट्रेनर जरूरी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश महिला आयोग ने राज्य में पुरुष दर्जियों के महिलाओं के नाप लेने पर रोक समेत कई तरह के प्रस्ताव दिये हैं। इसके अनुसार महिलाओं का नाप लेने के लिए महिला दर्जी को नियुक्त करना होगा। इसके अलावा आयोग ने महिलाओं को बैड टच और पुरुषों की बुरी नीयत से बचाने के लिए दिये गये प्रस्ताव में जिम में भी महिलाओं के लिए अलग से महिला ट्रेनर और सैलून में महिलाओं को नियुक्त करने का प्रस्ताव दिया है।

आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने कहा कि यह प्रस्ताव महिलाओं की सुरक्षा और उनके रोजगार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि पहले ब्यूटी पार्लर में सिर्फ महिला कर्मचारी ही होती थीं, पर अब पुरुष कर्मचारी भी होने लगे हैं। यहां तक कि आज ब्राइडल मेकअप भी पुरुष कर्मचारी कर रहे हैं। मैं बस इतना चाहती हूं कि अगर किसी महिला को पार्लर में पुरुष कर्मचारी की सेवाएं लेनी हैं, तो उसे इस बात को लिखकर देना होगा। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि पार्लर, जिम और टेलर के यहां पुरुष कर्मचारी होने पर इसका सत्यापन पुलिस द्वारा किया जाये।

उन्होंने कहा कि यह एक प्रस्ताव है, जिसका आयोग के सभी सदस्यों ने समर्थन किया है। बता दें कि 28 अक्तूबर को हुई आयोग की एक बैठक में महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण को लेकर सभी जिलाधिकारियों को महिला जिम, योगा सेंटर, विद्यालयों, नाट्य कला केंद्रों, बुटीक सेंटर और कोचिंग सेंटर पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

# रिटायरमेंट पर बोले चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ अगर मैंने दिल दुखाया हो, तो माफी चाहूंगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** भारत के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा है कि अपने कार्यकाल के दौरान यदि उन्होंने किसी का दिल दुखाया हो, तो वह उनसे माफी मांगते हैं। शुक्रवार को अपने अंतिम कार्यदिवस के दिन उन्होंने अपने विदाई समारोह में भावुक होते हुए कहा, कल से मैं आपको न्याय नहीं दे सकूंगा, क्योंकि मैं रिटायर हो रहा हूं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ रविवार को रिटायर होंगे, लेकिन नौ और 10 तारीख को शनिवार और रविवार को कोर्ट की छुट्टी रहेगी। इसलिए उनके सम्मान में विदाई समारोह शुक्रवार को ही आयोजित किया गया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की सेवानिवृत्ति के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना उनका स्थान लेंगे। वह देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने नौ नवंबर 2022 को भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। 13 मई 2016 को उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय से पदोन्नत किया गया था।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने विदाई समारोह के मौके पर भावुक होते हुए कहा, रात को मैं सोच रहा था कि दोपहर दो बजे कोर्ट खाली होगा और मैं स्क्रीन पर खुद को देख रहा होउंगा। आप सभी की मौजूदगी से मैं अभिभूत हूं। सीजेआइ ने कहा, जब मैं छोटा था, तो सुप्रीम कोर्ट में आकर यहां की कार्यवाही और कोर्ट में लगी दो तस्वीरों को देखता था। उन्होंने कहा, बांबे हाइकोर्ट में भी न्यायमूर्ति चागला का बहुत प्रभाव था। उन्होंने आगे कहा, हम सभी यहां यात्रियों की तरह हैं, जो कुछ समय के लिए आते हैं, अपना काम करते हैं और फिर चले जाते हैं। कोर्ट के रूप में यह संस्थान हमेशा चलता रहेगा और इसमें विभिन्न विचारों वाले लोग आते रहेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि मेरे बाद न्यायमूर्ति खन्ना इस संस्थान को मजबूती और गरिमा के साथ आगे बढ़ायेंगे। सीजेआइ ने यह भी बताया कि वह न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ बैठकर काम करने के अनुभव को बहुत याद करेंगे। उन्होंने कहा, यही कोर्ट है, जो मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिन्हें हम नहीं जानते थे और ये अनुभव जीवन को एक नया दृष्टिकोण देते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं आज बहुत कुछ सीखा हूं। कोई भी मामला पहले के मामले जैसा नहीं होता। अगर कोर्ट में किसी कोई तकलीफ पहुंची हो, तो मैं विनम्रतापूर्व माफी चाहता हूं। अंत में धन्यवाद देते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, आप सभी का दिल से धन्यवाद, आप इतनी बड़ी संख्या में यहां आये। इसके लिए मैं सदा कृतज्ञ रहूंगा।

# भाजपा की टीएमसी नेता फिरहाद हाकिम पर पाबंदी लगाने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विपक्षी दल भाजपा और तृणमूल कांग्रेस आमने-सामने हैं। भाजपा ने तृणमूल नेता फिरहाद हाकिम के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा ने महिला नेता के साथ अभद्र आचरण का आरोप लगाते हुए मांग की है कि हाकिम को पूरे पश्चिम बंगाल में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। भाजपा ने चुनाव आयोग को इस संबंध में पत्र भी भेजा है। पार्टी ने कहा कि फिरहाद हाकिम का बयान आपत्तिजनक है और आगामी उपचुनाव को देखते हुए उन पर पाबंदी लगायी जाये। बता दें कि पश्चिम बंगाल में छह विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होगा। इसमें तालडंगरा, सिताई, नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर और मदरीहाट सीट शामिल है। चुनाव मैदान में 42 उम्मीदवार दम भर रहे हैं। इसके अलावा राज्य के ही एक अन्य अहम घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा बढ़ायी गयी है। जानकारी के मुताबिक खुफिया विभाग की रिपोर्ट मिलने के बाद उन्हें राज्य के बाहर भी सुरक्षा देने का फैसला लिया गया है। आइबी की रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने शुभेंदु की सुरक्षा बढ़ाने का एलान किया। इस फैसले के बाद अब उन्हें बंगाल के अलावा दूसरे सभी राज्यों में भी सुरक्षा मुहैया करायी जायेगी।

# लोकतंत्र को नहीं मानने वालों के साथ मिल कर चुनाव लड़ रहीं हैं प्रियंका: पी विजयन

**तिरुवनंतपुरम (आजाद सिपाही)।** केरल के मुख्यमंत्री और माकपा नेता पिनराई विजयन ने वायनाड उपचुनाव के पहले कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया है। फेसबुक पोस्ट में विजयन ने कहा कि कांग्रेस की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड में जमात-ए-इस्लामी के समर्थन से लोकसभा उपचुनाव लड़ रही हैं। यह संगठन एक पार्टी के रूप में प्रियंका गांधी का समर्थन कर रहा है। हम सभी इसकी विचारधारा से अच्छी तरह से परिचित हैं। फेसबुक पोस्ट में विजयन ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी जिस जमात-ए-इस्लामी के समर्थन से चुनाव लड़ रही हैं, वह लोकतंत्र में और राष्ट्र की संरचना में विश्वास नहीं करता। इनसे समर्थन लेने के बाद कांग्रेस का धर्मनिरपेक्षता वाला नकाब पूरी तरह से हट गया है। विजयन ने कहा कि इस संगठन की विचारधारा से हमारा पूरा देश परिचित है। आखिर कांग्रेस इनसे समर्थन लेकर क्या साबित करना चाहती है। जमात-ए-इस्लामी का यह दोहरा चरित्र जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी स्पष्ट हो गया था। केरल के सीएम ने आरोप लगाया कि जमात-ए-इस्लामी ने लंबे समय से कश्मीर में चुनावों का विरोध किया है और वहां पर सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया है।

# डीके शिवकुमार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। बता दें कि राज्य सरकार ने सीबीआइ जांच के लिए दी गयी सहमति वापस ले ली है। इससे असंतुष्ट सीबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। इस अपील पर शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य सरकार और डीके शिवकुमार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह मामला आय से अधिक संपत्ति से जुड़ा है। बता दें कि साल 2019 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने डीके शिवकुमार के खिलाफ सीबीआइ जांच को मंजूरी दी थी। सरकार बदलने के बाद नवंबर, 2023 में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने कहा कि डीके शिवकुमार के खिलाफ सीबीआइ जांच की सहमति का फैसला कानून के मुताबिक गलत है। बता दें कि इस मामले में याचिकाकर्ता भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल हैं। बसनगौड़ा ने सिद्धारमैया सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट से पहले कर्नाटक हाइकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हालांकि उच्च न्यायालय ने याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। अब सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने कर्नाटक सरकार और डीके शिवकुमार से जवाब मांगा है। अदालत इससे पहले 17 सितंबर को ही इस मामले में नोटिस जारी कर चुकी है।

# कोयल नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**एक बच्चे का शव बरामद, दो अभी भी लापता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे गांव में गुरुवार को कोयल नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। छठ पूजा के दिन तीन बच्चों की मौत से त्योहार की खुशी मातम में बदल गयी। इधर गोताखोर नही आने के कारण देर शाम तक नदी से किसी का शव निकला नहीं जा सका था। मृतकों में मोरवे गांव निवासी नसीम खलीफा की 8 वर्षीय पुत्री नाजिश प्रवीण, अमर चंद्रवंशी के 9 वर्षीय पुत्र अमन चंद्रवंशी, तथा संजय चंद्रवंशी के 10 वर्षीय पुत्र पियूष चंद्रवंशी के नाम शामिल हैं। ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीनों बच्चे एक साइकिल पर सवार होकर दोपहर 1:00 बजे खेतों की तरफ गये थे जहां पर उन्हें एक और बच्चा साथ में मिला और चारों बच्चे कोयल नदी में नहाने के लिए उतर गये। इसी दौरान गहरे पानी में जाने के कारण 3 बच्चे डूबने लगे, यह देखते ही चौथा चौथा बच्चा वहां से भाग कर घर आया और उनके परिजनों को उनके डूबने की सूचना दी। यह सुनते ही उनके परिजन सहित पूरा गांव कोयल नदी के तट पर उमड़ पड़ा। लेकिन तीनों बच्चों का शव नहीं मिल पाया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार, अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार एवं वीडियो घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पर एक बार पुनः बच्चों का शौक खोजने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं मिला।

# मकान मालिक की बच्ची ने लगाया एआइएमआइएम कार्यालय पर भाजपा का झंडा : डॉ एमएन खान

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रंका।** पिछले दिन से सोशल मीडिया पर एक फोटो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें रंका के एआइएमआइएम कार्यालय के ऊपर भाजपा का दो झंडा लगा हुआ दिख रहा है। खासकर के झामुमो के लोग इसको खूब भुनाने का प्रयास कर रहें हैं कि देखिये कैसे एआइएमआइएम भाजपा की ही बी टीम है। इस बारे में पूछे जाने पर गढ़वा विधानसभा एआइएमआइएम प्रत्याशी डॉ एम एन खान ने बताया कि दरअसल में पूरी सच्चाई जाने बिना ही विरोधी अनाप सनाप की बातें सोशल मीडिया पर फैला रहें हैं। असल में हुआ ये था कि कुछ समय के लिए कार्यालय में कोई नहीं था। इसी दौरान कोई एक छोटी बच्ची ने भाजपा का झंडा वहां लगा दिया था। उन्होंने बताया कि एआईएमआईएम के नीति सिद्धांत भाजपा से अलग हैं और माननीय ओवैसी साहब के नेतृव चलने वाली यह पार्टी भाजपा की धुर विरोधी है। वर्तमान में झामुमो के लोग एआइएमआइएम की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर अनाप सनाप बातें सोशल मीडिया पर फैला रहें हैं। मगर जनता सब जानती है। जनता एआइएमआइएम को भारी मतों से जीत दिलाने जा रही।

# दूसरे दलों को छोड़ कर दो हजार से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री, गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को लगातार जनता का समर्थन मिल रहा है। प्रतिदिन विभिन्न दलों को छोड़कर काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में दो हजार से अधिक लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। कई लोगों ने मंत्री के आवास पर पहुंचकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान भी काफी संख्या में लोगों ने झामुमो का दामन थामा। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए झामुमो में शामिल किया। सभी ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गढ़वा प्रखंड के महुलिया, लोटो, पचपड़वा, नवादा, रंका प्रखंड के मानपुर, मेराल प्रखंड के हासनदाग, गेरुआ आदि गांवों के दो हजार से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झामुमो ही माटी की पार्टी है। इसी पार्टी से राज्य एवं राज्य की जनता का भला हो सकता है।

# उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** शुक्रवार के सुबह उदियमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ सूयोर्पासना का महान पर्व छठ पूरे प्रखंड में भक्तिपूर्ण एवं गहरे आस्था के वातावरण में संपन्न हो गया। प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रतियों ने सुख - समृद्धि की कामना की तो क्षेत्र की शांति के लिए भी भगवान भास्कर से विशेष प्रार्थना कि। प्रखंड के थाना के समीप सर्वेश्वरी आश्रम,दुर्गा मंदिर टाउनशिप, सिंदुरिया दुलरह नदी, अरसली, सिंघीताली हनुमान मंदिर, भवनाथपुर सूर्य मंदिर, बाजार दुर्गा मंदिर, झगराखड़ा, चपरी, अरसली उत्तरी झुमरी अशोक वाटिका छठ घाट, के सहित सभी छोटी बड़ी नदी और जलाशयों के तट पर श्रद्धालुओं ने छठ व्रत किया। छठ घाटों में भारी संख्या में छठ व्रतियों की भीड़ उमड़ी थी। घरो में माथे पर पूजा सामग्री ढोकर छठ घाटों तक श्रद्धालुओं द्वारालाया गया। वही छठ व्रती छठ गीतों को गाते हुए महिलाओं के साथ छठ घाट पहुंची।रास्ते भर दंडवत लेटकर भगवान भास्कर को छठ व्रतियों द्वारा प्रणाम किया गया।रास्ते में छठ व्रतियों के दंडवत लेते ही उनके पैर छूने के लिए लोग काफी उतारू देखें। कई छठ घाटों पर सामाजिक कार्यकताओं ने छठ व्रतियों के लिए दूध, फल आदि बांटे।वहीं अधिकांश छठ घाटों में कई जनप्रतिनिधि और राजनीति दल के लोगों ने भ्रमण किया।भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही एवं पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने कई छठ घाटों पर जाकर भ्रमण किया।

छठ पर्व पर पैथर क्लब छठ पूजा समिति सिंदुरिया, सूर्य मंदिर एवं यंग लायंस बुका क्लब द्वारा भगवान भास्कर की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया था। थाना समीप सर्वेश्वरी आश्रम छठ घाट पर समाजसेवी सह बाबू डेकोरेशन के मालिक बुचून चन्द्रवंशी द्वारा निशुल्क टेंट लाइट की व्यवस्था की गयी थी।

## नदी के साथ तालाबों पर भी छठ पूजा का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी छठ घाटों पर हर्सोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ महापर्व छठ पूजा। छठ पूजा पर हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत होने वाले सभी छठ पूजा घाटों पर महापर्व छठ पूजा शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। क्षेत्र के डूमरसोता, दारीदह, श्रीनगर, हरिहरपुर गाँव के लोगों में पवित्र सोन नद में छठ पर्व किया। उसके अलावें कई जगहों पर लोगों के द्वारा तालाबों में भी छठ पूजा का आयोजन किया गया। वंही मझिगावां के भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती के घटहि नदी के पास स्थित तालाब में छठ पूजा का आयोजन किया गया था। छठ पूजा सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर कमिटी के द्वारा युवा कार्यकताओं को हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। वंही शिवपुर पंचायत अन्तर्गत प्रावि हरिजन टोला के प्रांगण में छठ पूजा के अवसर पर भीमराव अंबेडकर नाट्य कला समिति हरिजन टोला अधौरा के तत्वाधान में नाटक मंचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पार्षद दक्षिणी नेहा कुमारी व शिवपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम व बीडीसी सरिता देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये।

## दानरो नदी तट पर छठ मेला का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को संपन्न हो गया। गुरूवार को छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया था वहीं शुरूवार को उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य प्रदान किया गया। जिला मुख्यालय गढ़वा में विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। वहीं दानरो नदी तट पर छठ मेला का आयोजन किया गया। जिसका लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया। छठ घाट पर विभिन्न सामानों के स्टाल एवं दुकानें सजायी गयी थी। लोगों ने छठ पूजा संपन्न होने के बाद इसका आनंद लिया। स्टूडेंटस क्लब, फ्रेंडस क्लब की साज सज्जा लोगों को लुभा रही थी। रात में रंग बिरंगी रोशनी से पूरा छठ घाट अनुपम छटा बिखेर रहा था। जय देवी संघ टंडवा द्वारा भव्य सूर्य मंदिर के पंडाल का निर्माण छठ घाट पर किया गया था। वहीं युनीवर्सल क्लब द्वारा पंडाल में सात घोडों पर सवार भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। वहीं पंडाल के सामने स्थापित शिवलिंग व नंदी महाराज की प्रतिमा लोगो को आकर्षित कर रही थी। टी ग्रुप गढ़वा, भगलपुर, सहिजना छठ घाट समेत छठ घाटों का दृश्य देखते ही बना रहा था।

## बीरबल गांव में श्रीराम सेवा समिति ने नाटक का किया मंचन

**सगमा (आजाद सिपाही)।** छठ महा पर्व के उपलक्ष्य में प्रखंड के बीरबल गांव में श्री राम सेवा समिति के संरक्षण में नाट्य कला का सफल मंचन किया गया। जिसमे स्थानीय कलाकारों के द्वारा नाटक के माध्यम से लोगो को कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया गया। इसकी शुरूआत सगमा प्रखंड के जिप सदस्य अंजू यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे भाजपा नेता सह मानस प्रवक्ता रामेंद्र मिश्रा बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, विधायक प्रतिनिधि धर्मजित यादव के द्वारा भगवान राम तथा भारत माता के तस्वीर के समक्ष पूजा पाठ कर नारियल तोड़ कर किया गया।



इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि मुकेश चौबे ने छठ व्रतियों के साथ उपस्थित लोगो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की बीरबल जैसा अति पिछड़ा गांव में सूर्य मंदिर की स्थापना यह दर्शाता है कि यहां के लोग अपने सनातन संस्कृति के प्रति कितना समर्पित हैं। छठ पूजा समिति के द्वारा सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपने विचार ब्यक्त करने वालो में मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, पूर्व जिप सदस्य सह भाजा के वरिष्ठ नेता नंद गोपाल यादव, धर्मजित यादव, ताराचंद यादव, रामेंद्र मिश्रा का नाम शामिल है।

# मंत्री के आतंक का बदला लेने के लिए तैयार है क्षेत्र की जनता: सत्येंद्र तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गुरुवार देर शाम और शुक्रवार को अलग-अगल कार्यक्रम के दौरान गढ़वा, मेराल और रंका प्रखंड के एक हजार से अधिक लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। सभी को भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर एनडीए प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में गढ़वा सहित पूरे झारखंड में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए में शामिल दलों के प्रत्याशियों की जीत हो रही है। जनता हेमंत सरकार से परेशान हो चुकी है। गढ़वा के इस चुनाव में मंत्री सह झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर को अपनी जमानत बचाना मुश्किल हो जायेगा। क्षेत्र की जनता मंत्री और उनके गुर्गे के आतंक का बदला लेने के लिए तैयार हैं। अपनी करारी हार को देखकर मंत्री पूरी तरह से बौखलाहट में है। यहीं कारण है कि मंत्री एक विशेष समुदाय को खुश कर वोट लेना चाहते है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की जनता तुष्टिकरण की राजनीति से तंग आ चुकी हैं। एक विशेष समुदाय के लोग हर जगह आतंक मचा कर रखे है। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही तरके में लोगों के साथ हुई मारपीट, लखना में मां दुर्गा की प्रतिमा रोके जाना, शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी की महिला और बेटी के साथ एक विशेष समुदाय के व्यक्ति के द्वारा मारपीट की घटना करने वाले सभी आरोपियों को सख्त सजा दिलाकर हिंदूओं के अपमान का बदला लिया जायेगा।

# वाहन चेकिंग में 2.40 लाख रुपये बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर गढ़वा जिला के रंका थाना अंतर्गत गोदरमाना स्थित अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर रंका पुलिस के द्वारा चेकिंग के दौरान छत्तीसगढ़ की ओर से आ रही स्कोर्पियो वाहन संख्या - बीआर 50 एबी 2937 से 240000/- दो लाख चालीस हजार रुपये विधिवत जब्त किया गया है। इस संबंध में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान के अनुसार विधि सम्मत कार्यवाई की जा रही है।

## प्रारूप -C1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **कोचे मुण्डा, ग्राम ममरला, पो० डोहमा, थाना तोरपा, जिला खूंटी**

राजनीतिक दल का नाम :- **भारतीय जनता पार्टी**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **59. तोरपा (अ.ज.जा)**

मैं **कोचे मुण्डा** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँः-

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधी का संक्षिप्त विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| 2 | श्री सार्थक शर्मा न्यायिक दणडाधिकारी, राँची | लालपुर थाना कांड संख्या 203 / 24 दिनांक 23.08.2024 | लम्बित फाईनल फार्म हेतु | 191 (1) 190/ 115 (2) 117 (2)/109)/121(1)125 /132/324 (2) 351(2)252/61 (2) BNS - नाजायज मजमा लगाकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जानलेवा हमला करना। |

B) दंडनीय अपराध के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश आदेशों की तिथि | कार्यलय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड | |
|---|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख।

ह0/-
**कोचे मुण्डा**
भारतीय जनता पार्टी
विधानसभा 2024

## Format C-1

**(for candidate to publish in Newspapers, TV)**

Declaration about criminal cases
(As per the judgement dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and Address of candidate: **Sanjay Kumar Singh Yadav, Purendra Bigha, Hussainabad, Palamu.**
Name of political party: **Rashtriya Janata Dal**
Name of election: **General Assembly Election of Jharkhand 2024**
"Name of Constituency: **79 Hussainabad**
I **Sanjay Kumar Singh Yadav** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Add. Dist. Judge Palamu | GR1683/87 | Pending in court | 341, 323, 325, 307 |
| 2. | Smt. Samira Khan 1st class Judicial Magistrate | GR 273/20 | Pending in court | 171H, 188 |
| 3. | SDJM Daltonganj | P.S. Case No. 222/2022 | Pending in court | 147, 148, 149, 341, 307, 323, 325, 326, 27 Arms Act |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

"In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-
**Sanjay Kumar Singh Yadav**

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 09 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in
08

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे व अंतिम दिन चैत्र शुक्ल सप्तमी यानी शुक्रवार की सुबह में उदयगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। इसके साथ ही चार दिनी अनुष्ठान संपन्न हो गया। अर्घ्यदान को लेकर नदी, पोखर व तालाब में जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रती व उनके स्वजन उदयगामी सूर्य की पूजा अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी के कोशी को छठी के रूप में पूजा किये। इसके साथ व्रतियों



का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया और वे पारण किये। व्रती महिला -पुरुष ने स्नान - ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की कलसूप में ऋतुफल ठेकुआ, ईख, नारियल, कला रखकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दान किया। भविष्य पुराण के अनुसार छठ पर्व लौकिक व परलौकिक दोनों ही जीवन को सुख देने वाला है। कहते हैं कि इस पर्व से मृत्यु के बाद भी सूर्य लोक में स्थान प्राप्त होता है और वहां जीवात्मा को सुख की प्राप्ति होती है।

## छठ पर लोगों में दिखा उत्साह

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ ही छठ महापर्व संपन्न हुआ। प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा भक्ति के साथ चार दिनी छठ महापर्व संपन्न हुआ। वही प्रखंड क्षेत्र के सीठीयो कोयल नदी के अलावे अरु, तोड़ार, चौकनी, डांडू, झखरा, गगेया, कोराम्बे, बदला, सेन्हा, आराहंसा सहित विभिन्न गांव के छठ घाटों में छठ महापर्व के दौरान अर्घ्य अर्पण कर पूजा करने के लिये भक्तों का भारी भीड़ देखने को मिली।

## बरवाडीह में नदियों-तालाबों के किनारे उमड़े श्रद्धालु



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य अर्घ्य के पूरे भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। गुरुवार शाम जहां डूबते हुई सूर्य अर्घ्य को सभी छठ घाटों में व्रतियों ने नमन किया वही शुक्रवार सुबह सभी घाट में व्रतियों ने पूजा अर्चना व सूर्य अर्घ्य नमन के साथ महापर्व छठ पूजा मनाया। इस अवसर पर प्रखंड के आदर्श नगर स्थित मुख्य छठ घाट में व्रतियों की काफी भीड़ भाड़ देखी गयी। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी सह मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह अपने समर्थकों के साथ सभी सभी छठ घाट का भर्मण कर आशीर्वाद लिया। छठ पर्व की अवसर पर जहां पूजा समिति द्वारा व्रतियों के लिए दूध एवं दातुन की व्यवस्था किया गया था। रेलवे प्रिंस क्लब द्वारा व्रतियों के बीच कई पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रखंड की कई समाज सेवी, दुकानदारों द्वारा भी फल, पूजन सामग्री का वितरण किया गया।

## छठ महापर्व पर घाटों में दिखा जन सैलाब



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा सूर्योपासना का महापर्व छठ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य सुख समृद्धि की कामना की। व्रतियों द्वारा शुक्रवार सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ निर्जला उपवास भी खत्म हो गया। लोक आस्था के महापर्व पर देवनद, भूषाड़, देवनदिया, जमीरा, चेटर समेत विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। घाटों को विभिन्न पूजा समितियों द्वारा छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए विशेष रूप से तैयार किया गया था। घाटो को रंग बिरंगी रौशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। देवनद छठ घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया था। घाटो में श्रद्धालुओं की मदद को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। वहीं कई स्वयंसेवी संस्थान पर भारतीयों के लिए व्यवस्था किया था। महापर्व पर विवेकानन्द छठ पूजा समिति, युवा भारत, देवनद दामोदर छठ पूजा समिति समेत कई सामाजिक संगठन छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर दिखे। घाट को बेहतर बनाने में हिंडाल्को बॉक्साइट कंपनी का भी अहम योगदान रहा।

केंद्रीय मंत्री का तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभा

# झामुमो वंशवाद की पार्टी है, एक ही परिवार चुनाव लड़ता है : शिवराज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला/ बहरागोड़ा, मनोहरपुर/ जगन्नाथपुर।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। शुक्रवार को तीन विधानसभा बहरागोड़ा, मनोहरपुर और जगन्नाथपुर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा में उन्होंने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इनके रहते झारखंड की जनता सुखी नहीं है। शिवराज सिंह ने कहा कि विदेशी घुसपैठिए झारखंड पर बड़ा संकट बनकर छाये हैं। ये हमारा देश है,



धर्मशाला नहीं है, जहां कोई भी अपनी मर्जी से चला आये। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही नागरिकता का रजिस्टर बनाया जायेगा और विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जायेगा। शिवराज सिंह ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि ये झूठों के सरदार हैं। इन्होंने झारखंड में युवाओं को 5 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन नौकरियां नहीं मिली। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में इन खाली पड़े पदों को भरने के प्रस्ताव को मंजूरी दी जायेगी। शिवराज सिंह ने आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति संकट में हैं। हम पेसा एक्ट पांचवीं अनुसूची के आधार पर लागू करेंगे। श्री चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, ओडिशा और महाराष्ट्र में बहनों के खाते में सम्मान राशि दे रहे हैं और झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही महीने की हर 11 तारीख को गोगो दीदी योजना बनाकर बहनों को 2100 रुपये की राशि सीधे खाते में दी जायेगी। इतना ही नहीं महिलाओं को रसोई गैस सिलेंडर केवल 500 रुपये में उपलब्ध कराया जायेगा और साल में दो बार त्योहार पर गैस सिलेंडर मुफ्त दिये जायेंगे।

## निर्दलीय प्रत्याशी शिव शंकर सिंह के समर्थन में निकली बाइक रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आगमी 13 नवंबर को विधान सभा चुनाव का पहला चरण में जमशेदपुर पूर्वी का चुनाव होना है। चुनाव प्रचार की समय सीमा भी सोमवार शाम 5 बजे तक खत्म होगा। ऐसे में भाजपा से टिकट नही मिलने के बाद जनता के बीच जाकर अपने भाग्य अजमा रहे जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय प्रत्याशी शिव शंकर सिंह ने जीत के लिए क्षेत्र की जनता से लगातार संपर्क साध रहे हैं। वही उम्मीदवारों के साथ जमशेदपुर पूर्वी के वोटर्स भी चुनाव मैदान में खड़े उम्मीदवारों के हार-जीत का अनुमान लगाने में जुट गये हैं। जमशेदपुर पूर्वी सीट से परिवारवाद व वंशवाद के मुद्दे पर किस्मत अजमा रहे 24 उम्मीदवारों में निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर सिंह का नाम सबसे अधिक चर्चा में है। निर्दलीय उम्मीदवार शिवशंकर सिंह भाजपा और कांग्रेस पर भारी पड़ सकते ऐसे अनुमान लगाया जारहा है। शुक्रवार को हिंदुओं का आस्था का महापर्व छठ पूजा दिन उन्होंने सुबह कई घाटों का दौरा किया। शिवशंकर सिंह ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर लोगों के सुख-समृद्धि व खुशहाली की भी कामना की। मौके पर छठव्रतियों से चुनाव में जीत के लिए आशीर्वाद मांगा।

## गांव-गांव में नगाड़ा बजाओ, भाजपा को भगाओ : रामदास



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा सीट से झामुमो के प्रत्याशी रामदास सोरेन ने अपनी जीत का दावा करते हुए गंधनिया हाट मैदान में उपस्थित महिला-पुरुषों से कहा कि अपने-अपने गांव में नगाड़ा बजाओ और भाजपा को झारखंड से भगाओ। उच्चतर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना एवं 200 यूनिट बिजली माफी से राज्य की जनता को काफी राहत मिली है। झारखंड की जनता हेमंत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से काफी खुश है और फिर से हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय ले चुकी हैं। सौ साल पहले झारखण्ड से काम करने असम गए आदिवासियों की हालात की चर्चा करते हुए रामदास ने कहा कि सरकार उन्हें वापस उन्हें उनके पैतृक गांव लायेगी और तमाम सुविधाएं मुहैया करवायेगी। सभा को पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, मोहन कर्मकार, कान्हू सामंत, बागराय मार्डी सहित कुछ अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

## सरयू राय को वेदव्यास निषाद चेतना समिति ने दिया समर्थन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के वेदव्यास निषाद चेतना समिति ने जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए उम्मीदवार सरयू राय को अपना समर्थन दे दिया। शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष भोला प्रसाद ने एनडीए प्रत्याशी सरयू राय से मुलाकात कर समस्त निषाद वंशीय समाज का समर्थन पत्र सौपा। समिति के अध्यक्ष भोला प्रसाद ने कहा केवट,विंध, नूनिया, मल्लाह, नूनिया, घासी सहित समस्त निषाद वंशीय समाज ने बैठक कर जमशेदपुर पश्चिम से सरयू राय को भारी मतों से विजयी बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा हम लोग श्री राय को वोट देंगे और सुनिश्चित करेंगे वह विधानसभा में समाज के लोगों की बातों को दमदारी से रखेंगे।

# डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतों से दिलायें जीत : केशव महतो कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में राहुल गांधी ने चुनावी सभा की। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी समेत अतिथियों एवं गठबंधन दल के विभिन्न नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की।

**आशीर्वाद मिला तो फिर शुरू करेंगे जनसरोकार से जुड़े कार्य : रामेश्वर उरांव**



गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव ने कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार को जनता आशीर्वाद देकर वापस करना सुनिश्चित करें तो विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को नए सिरे से लागू करेंगे। कहा सरना कोड का वादा पूरा कर इसे केंद्र सरकार को भेजा गया है। केंद्र में मामला अटकाया गया है। सर्वजन पेंशन में अब प्रतिमाह 2500 लोगो को मिलेंगे। राज्य में 5 लाख नए अबुआ आवास का निर्माण होगा। बिजली बिल माफी योजना का जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। जनता इस सरकार को वापस करती है तो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम फिर से शुरू कर आपकी समस्या मौके पर निपटाने का प्रयास करेंगे।

**कांग्रेस की नीति पढोगे तो आगे बढ़ोगे की है : सुखदेव भगत**

लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आज की विशाल सभा संविधान बचाओ अभियान की एक कड़ी है। भाजपा के नेता कहते हैं कि बटोगे तो काटोगे पर कांग्रेस की नीति पढोगे तो आगे बढ़ोगे की है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की मुहिम कांग्रेस चला रही है। जनसरोकार की विभिन्न योजनाओं से गठबंधन की सरकार जनता से सीधा रिश्ता बनाया है। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि 13 नवंबर को लोहरदगा सीट से प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतो से विजयी बनाना जनता सुनिश्चित करें।

## आजसू नेता के बेटे का शव पेड़ से लटका मिला

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र के खरकी पंचायत में उपर कोचा गांव से एक चौंकाने वाली खबर सामने आयी है। यहां आम के पेड़ पर एक युवक का शव झूलता पाया गया है। मृत युवक की पहचान आजसू पार्टी के नेता बाबूलाल नगेसिया के 18 वर्षीय बेटे प्रीतम नगेसिया के रूप में हुई है. सुबह के समय ग्रामीणों ने आम के पेड़ पर प्रीतम का शव लटकता देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना मृतक के पिता और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही किस्को थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अभी तक यह साफ नहीं कर पायी है कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर किसी ने प्रीतम की हत्या कर उसके शव को पेड़ पर लटका दिया।

## 11 को हैलो वोटर्स रोड शो का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदाता जागरूकता के लिए दिनांक 11 नवंबर 2024 को स्वीप कोषांग, लोहरदगा की ओर से लुथेरन विद्यालय मैदान, लोहरदगा से सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा तक हैलो वोटर्स रोड शो का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जायेगा। यह रोड शो लुथेरन मैदान से प्रारंभ होकर, बरवाटोली चौक, न्यू रोड, पावरगंज चौक, मैना बगीचा होते हुए सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में संपन्न होगा।

## संतोषी शेखर ने भाजपा से दिया त्यागपत्र



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के भाजपा नेत्री सह पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सह अपना अधिकार अपना सम्मान मंच की सचिव संतोषी शेखर ने कुछ कारणों का हवाला देते हुए भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य पद से त्याग पत्र देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह के समर्थन करने की घोषणा किया है। जिप सदस्य संतोषी शेखर ने शुक्रवार को भाजपा से अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह को देते हुई छिपदोहर में महागठबंधन के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए संतोषी शेखर ने बिना शर्त और बिना कांग्रेस की सदस्यता लिए रामचंद्र सिंह को निजी तौर पर समर्थन करने की घोषणा की है। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने संतोषी शेखर को माला पहनाकर कर व तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया।इससे पूर्व विधायक ने रामचंद्र सिंह ने महागठबंधन कांग्रेस का छिपादोहार मे चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद विधायकों ने छिपादोहर में रोड शो करते हुई कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील किया। मौके पर राजू प्रसाद, डॉक्टर सुशील प्रसाद, कृष्ण गुप्ता, श्रवन सिंह, नंदू प्रसाद, रंजीत कुमार राजू, प्रेम कुमार समेत काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव की जीत तय : हाजी अफसर



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** डॉ रामेश्वर उरांव के मंत्री प्रतिनिधि रहे हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की शुक्रवार को लोहरदगा में हुयी चुनावी सभा ने लोहरदगा में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव की जीत सुनिश्चित कर दिया है। कहा,चुनावी सभा में हजारों की संख्या में कांग्रेस समर्थक और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सांसद सुखदेव भगत और कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव और मांडर विधानसभा प्रत्याशी नेहा तिर्की भी शामिल हुई। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के नेता हाजी अफसर कुरैशी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। उन्होंने राहुल गांधी की चुनावी सभा को सफल बताया।


## Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **YOGENDRA PRASAD**

Name of political party: **JMM**

Name of Election : **Legislative Assembly, Jharkhand.**

Name of Constituency :**34, GOMIA**

I **Yogendra Prasad** (Name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information of following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | N.A | N.A | N.A | N.A |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) & punishment inposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | The Sub-divisional Judicial Magistrate, Ramgarh, Case-53/2010, Dated-31.01.2018 | U/s -414, 120(B) of Indian Penal Punishment- 3years & Rs. 5000 penalty | 3years & Rs. 5000 penalty<br>Note-This case (53/2010) was disposed off on 07.01.2020 & I am acquitted from all charges) Criminal Appeal-06/2018 Court-Principle District & Sessions Judge, Ramgarh. Date of disposal-07.01.2020 Nature of order passed- Acquitted from all charges |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concern

**Sd./-**
**Yogendra Prasad**
**Jharkhand Mukti Morcha**
**Legislative Assembly, Jharkhand.**

# गुमला में नेम-निष्ठा के साथ छठ महापर्व संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर में लोकआस्था सूयोर्पासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा शुक्रवार को उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। चैनपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पूजा की धूम देखी गई। शुक्रवार की सुबह चैनपुर के सफी नदी छठ घाट पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए पहुंचे घाटों पूजा अर्चना की गई। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के तीसरे दिन यानी कि गुरुवार को श्रद्धालुओं द्वारा डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। गुरुवार को अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए भक्तों में खासा उत्साह रहा। श्रद्धालु आस्था के सैलाब में डूबे नजर आए। यह एक ऐसा पर्व है जिसमें उगते सूरज के साथ-साथ अस्त होते सूरज की भी पूजा की जाती है। छठ घाट के किनारे आस्था का रंग और छठ का छटा दिखाई दी। पूजा के साथ छठी मां के धार्मिक गीतों का दौर भी चला जिस पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। छठ घाट पर चैनपुर पुलिस प्रशासन एवं एसएसबी के जवानों का भरपूर सहयोग मिला।

छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज चैनपुर के द्वारा छठ घाट पर लाइट, साउंड, टेंट व तोरण द्वार लगाकर छठ घाट की सुंदरता बढ़ाई गई। सुरक्षा के मध्य नजर छठ घाट पर चैनपुर पुलिस व एसएसबी के जवान पूरी तरह मुस्तैद नजर आए।

छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। पुलिस के जवान घाटों पर तैनात थे और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद थे।

## दक्षिण कोयल नदी छठ घाट में हजारों की संख्या में लोगों की रही भीड़



**सिसई (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा श्रद्धा व भक्ति मय माहौल में सम्पन्न हुई। इस दौरान व्रतियों ने शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मैया को नमन किया। प्रखंड के नागफेनी स्थित दक्षिण कोयल नदी छठ घाट,पारस नदी छठ घाट, कुदरा तालाब छठ घाट, कॉलेज रोड तालाब छठ घाट , मुर्गू , बरगांव नगर सोगड़ा, भुरसो, पुसो सहित प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों में श्रद्धालु व छठ व्रतियों के द्वारा श्रद्धा पूर्वक छठ पूजा किया गया। जबकि गुरुवार कि शाम छठ व्रतियों तथा श्रद्धालुओं द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पण किया गया। शुक्रवार की अहले सुबह भगवान सूर्यदेव को उदीयमान अर्घ्य दिया गया। अर्घ्य देने के साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास और सूर्य उपासना का यह महापर्व संपन्न हुआ। वहीं नागफेनी स्थित दक्षिण कोयल नदी छठ घाट में हजारों की संख्या में लोगों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रतियों ने पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की और अपने एवं परिवार के लिए सुख,शांति एवं धन-धान्य की कामना की।छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सिसई बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रोशन खलखो, थानेदार संतोष कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन व पुजा समिति के वोलेंटियर जगह-जगह पर मुस्तैद रहकर विधि-व्यवस्था के लिए बनाते नजर आए। वहीं गुरुवार शाम को बीजेपी पार्टी के प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ नागफेनी स्थित छठ घाट पहुंचे और अस्ताचलगामी भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पण किया गया।

## गुना टोली गांव में धान के ढेर में लगी आग



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नगर गुना टोली गांव के बीचों-बीच खलिहान में रखे धान के गांज में आग लगने से किसानों के हजारों रुपए का नुकसान हो गया। धान के गांज में आग लगने से गांज धूं-धूं कर जलने लगा तो आग की उठते लपटें को देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गयी और लोगों ने आग बुझाने के लिए तत्काल कुआं से पंप सेट लगाकर आग में काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर गुना टोली गांव निवासी किसान सुरेन्द्र उरांव के खलिहान में खेत से धान की कटाई कर लाया गया। धान के दो गांज में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। आग कैसे लगी इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई। वहीं आगजनी के संबंध में किसान सुरेन्द्र उरांव ने बताया कि हमलोग सह परिसर पिछले एक सप्ताह से खेत में धान की कटाई कर इकट्ठा कर एक साथ मिसाई करने के लिए खलिहान रखें थे। अचानक से आग लग जाने की वजह से मुझे भारी आर्थिक क्षति हुआ है। धान जल जाने से अब मेरे पास परिवार का साल भर भरण-पोषण करने के लिए कुछ नहीं है। इस संबंध में पीड़ित किसान ने प्रखंड शासन प्रशासन से क्षतिपूर्ति और मुआवजा की मांग की है।

## मतदान केंद्र का चुनाव आब्जर्वर ने किया निरीक्षण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कई मतदान केंद्र का चुनाव आब्जर्वर ने निरीक्षण किया। इस क्रम में घाघरा प्रखंड के संत युद्ध मध्य विद्यालय नवडीहा, राजकीय कृत मध्य विद्यालय गम्हरिया, नव प्राथमिक विद्यालय टांगर शिकवार मतदान केंद्र पहुंचे।जहां मूलभूत भौतिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में भवन, फर्नीचर, बिजली, पानी, शौचालय, मतदान केंद्र तक पहुंच पथ सहित अन्य सुविधाओं को देखा और कई आवश्यक दिशा निर्देश भी उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार को दी। मौके पर चुनाव आब्जर्वर ने कहा कि मतदाता भय मुक्त होकर मतदान करें। शत प्रतिशत मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनायें।

## एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने किया पूजा सामग्री का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित धर्मशाला प्रांगण में एसडीपीओ नाजिर अख्तर के हाथों छठ व्रतियों के बीच 11 प्रकार का पूजा सामग्री फल आदि का वितरण किया गया। इस पूजा सामग्री समाजसेवी पंकज कुमार सिंह द्वारा दिया गया है। मालूम हो कि समाजसेवी पंकज कुमार सिंह प्रत्येक वर्ष छठव्रतियों के बीच बिहार से लाकर बसिया प्रखंड के बसिया मोरेंग लौंगा एवं कामडारा के कुछ स्थानों में पूजा सामग्री का वितरण किया जाता रहा है। इस मौके पर सर्कल इंस्पेक्टर जितेंद्र राम, थानाप्रभारी युधिष्टिर प्रजापति, पंकज कुमार सिंह, गोकुल चंद्र सोनी, सुभाष चौधरी, केदार महांती समेत छठव्रती उपस्थित थे।

## भरनो में छठ महापर्व का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड में छठ महापर्व का आज शुक्रवार 8 नवबंर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हुआ। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत भी पूरा हुआ। भरनो प्रखंड में श्रद्धालुओं ने घाटों पर जाकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और छठ पूजा संपन्न की। सुबह 3 बजे से ही छठ घाटों पर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। सभी व्रती पूजा की सामग्री लेकर घाट पहुंच रहे थे। इससे पहले गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया था। छठ पर्व के मौके पर घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। यह महापर्व चार दिनों तक चलता है। इस दौरान व्रती कठोर उपवास रखते हैं और सूर्य देव की आराधना करते हैं।

## डीएवी की ताशा झा ने प्री नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में लिया भाग




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 33वीं अखिल भारतीय जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप 3 से 9 नवंबर, 2024 तक केरल के तिरुवनंतपुरम के वट्टियोरकावु शूटिंग रेंज में आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) के तत्वावधान में और केरल राज्य राइफल एसोसिएशन द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता एनआरएआइ मैच बुक के नियमों और विनियमों के मुताबिक आयोजित की गयी यह गर्व की बात है कि डीएवी गुमला की छात्रा ताशा झा ने इस प्री नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया और ज़िले का नाम रौशन किया। मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाली ज़िले की पहली बालिका ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेकर मुझे गर्व की अनुमति हुई और इससे प्राप्त अनुभवों से भविष्य में मुझे प्रदर्शन सुधारने की प्रेरणा मिलेगी।

## घाघरा में घाट पर पढ़ी गयी सूर्यदेव की कथा

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय सहित गांव के कई छठ घाट में उगते सूर्य को अरग देने के साथ छठ महापर्व का समापन हुआ। इस क्रम में चांदनी चौक छठ नगर छठ पूजा समिति जग बगीचा छठ पूजा समिति फोटो रोड छठ पूजा समिति सहित देवाकी, गम्हरिया, आदर, गुटवा कोयल नदी वह अन्य कई छठ घाट में प्रातः 6 बजे उगते सूर्य को अर्ध छठ बरतियो द्वारा दिया गया। छठ पूजन के साथ भगवान सूर्य देव की कथा आचार्य द्वारा छठ घाट में कराया गया। साथ ही हवन के साथ पूजन पाठ संपन्न हुआ। छठ भारतीयों ने भगवान सूर्य और छठी मईया से आशीर्वाद मांगा खुशहाली का वरदान मांगा। वही पूजा समिति द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई थी। वही बिशनपुर विधानसभा के विधायक के कई प्रत्याशी छठ घाट में शामिल हुए। मौके पर समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

## Format C-1

**शपथ पत्र**

मैं, दुर्गा चरण प्रसाद, पिता-स्व० रामकेश्वर साव, उम्र लगभग 49 वर्ष, धर्म हिन्दु राष्ट्रीयता भारतीय, पेशा-कृषि, निवासी ग्राम जयनगर, सरैया टोला, पो०-सौन्दा 'डी' थाना-पतरातू, जिला- रामगढ़ (झारखण्ड) शपथपूर्वक निम्नलिखित रूप से बयान करता हूँ कि

1. यह कि मैं 22 बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्यासी हूँ।
2. यह कि मेरे विरुद्ध लम्बित मुकदमा पतरातु थाना कांड सं0-207/2012 दिनांक 27/09/2012 जिसमें न्यायालय द्वारा दफा-143/186/283/290 भा०द०वि० अर्थात दिनांक 01/03/2014 को संज्ञान लिया गया है । उक्त वाद में मैं जमानत पर हूँ तथा वर्तमान में उक्तवाद सुश्री आयशा सिंह सरदार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, रामगढ़ के न्यायालय में उपस्थिति के स्तर पर लम्बित है।
3. यह कि उपरोक्त शपथ पत्र मैं भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार समाचार पत्रो में प्रकाशन हेतु बनवा रहा हूँ।
4. यह कि उपरोका सभी बाते मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

ह0/-
**दुर्गा चरण प्रसाद**
बड़कागाँव विधानसभा
झारखंड

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने गुमला की टीम जमशेदपुर पहुंची

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने एक बार फिर गुमला से खिलाड़ी जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। झारखंड और बिहार में हँडबॉल एसोसिएशन के संस्थापक और प्रख्यात हैंडबॉल कोच स्व यासीन उस्ताद की याद में झारखंड स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन की ओर से सीनियर स्टेट हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में नौ और दस नवंबर को किया जा रहा है। जिसमें गुमला जिला भी प्रतिनिधित्व करेगी। स्पोर्ट्स अकादमी और गुमला हैंडबॉल फेडरेशन के संचालक व सचिव सैयद जुन्नू रैन ने 6 नवंबर को 12 सदस्य टीम की चयन किया जो सभी खिलाड़ी और कोच, मैनेजर के साथ 8 नवंबर को जमशेदपुर रवाना हुई। चयन खिलाड़ी में विकाश साहू ( कप्तान ) दीपक कुमार, विक्रम राज, नीरज, प्रवीण, सद्दाम , विजय , शशांक, संतोष, हर्षिकेश, शिवांशु, अकेबु, वही कोच के रूप में अरीब आब्दीन, मैनेजर के रूप में हफीजुर रहमान शामिल है। इस प्रतियोगिता में गुमला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, रांची, दुमका, बोकारो, बोकारो, पोड़ाहाट, कोडरमा, अर्बन सर्विसेज, गिरिडीह, धनबाद, लोहरदगा, गोड्डा, रामगढ़ व सरायकेला-खरसावां सहित कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। मैचों का सफल संचालन राज्य के दस क्वालिफाइड रेफरी करेंगे। जिसमें गुमला के 2 रेफरी होंगे। जिसमें दीपक कुमार, विक्रम राज ठाकुर भी होंगे। गुमला टीम हफीजुर रहमान के नेतृत्व में जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। मौके पर रवाना करते वक्त सचिव जुन्नू रैन ने कहा कि गुमला टीम के जीत के आने पर या अच्छा प्रदर्शन करने पर इनको विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। अतिथि के रूप में बलदेव शर्मा उपस्थित थे। टीम को रवाना करने में सीनियर खिलाड़ी अनीश साहू, तौफीक अंसारी, रवि गुप्ता, तौसीफ, अकेबुल मौजूद थे ।

## प्रारूप C-1

**आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार
(पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

नाम :- **पास्टर संजय कुमार तिर्की**
राजनीतिक दल का नाम :- **निर्दलीय**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **60, खूंटी**

मैं **पास्टर संजय कुमार तिर्की** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यायिका दंडधिकारी प्रथमश्रेणी गुमला | कुरूमगढ़ थाना कांड सं. 10/24 11.09.2024 | लंबित | 316 (2) 318 (A) 356 / 178 BNS 2023 |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय (यो) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ह0/-
**पास्टर संजय कुमार तिर्की**
निर्दलीय विधानसभा 2024
झारखण्ड

## रायडीह में गोपाष्टमी पूजा कलश यात्रा के साथ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** दो दिवासीय गोपाष्टमी पूजनोत्सव कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ। रायडीह प्रखंड के सुरसाँग थाना क्षेत्र के करंजकुर गांव में दो दिवासीय गोपाष्टमी पूजा शुक्रवार से कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। पूजा के प्रथम दिन गौ भक्तो के द्वारा पवित्र पालामाडा नदी से कलश में पवित्र जल उठा कर 1001 महिलाओं ने कलश यात्रा की। उस दौरान पालामाडा नदी में पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ महिलाओं को पूजा अर्चना कराया गया एव उसके उपरांत महिलाओं ने कलश में जल भर कर अपने माथे में रख कर जय श्री राम एव हरे राम हरे कृष्ण के भक्तिमय गीतों के साथ वे नदी से पवित्र जल लेकर शिव मंदिर पहुचे। जंहा महिलाओं के द्वारा पालामाडा नदी से लाए गए पवित्र जल में शिव मंदिर में अर्पण किया गया।

**गोपाष्टमी पूजा क्षेत्र के समृद्धि का प्रतीक : विजय आदित्य जूदेव**

गोपाष्टमी पूजा महोत्सव में उपस्थित जशपुर राज परिवार के सदस्य विजय आदित्य जूदेव ने कहा की कार्तिक महीने के शुक्ला पक्ष के अष्टमी तिथि को इस क्षेत्र के गौ पलकों के द्वारा गोपाष्टमी पूजा के दौरान गौ माता की पूजा की जाती है जिससे की इस क्षेत्र की समृद्धि को दशार्ता है। उसके द्वारा कहा गया कि आज हमें अपने पशुधन की रक्षा करने की जरुरत है। आज भी क्षेत्र के लिये पशुधन बहुत महत्वपूर्ण है जो की क्षेत्र के किसानों के लिये बहुत ही जरुरत है। उन्होंने कहा की गौ माता में 33 प्रकार के देवी देवताओं का वास होता है। इस दौरान मुख्यरूप से भूपाल राम, विनीत लाल, बालमुकुंद सिंह, राजेश प्रसाद, पवन गुप्ता, दामोदर साव सागर मिश्रा, बुधनाथ सिंह, फुदनाथ किसान संजयबकुमार सिंह, जगदीश सिंह, राम प्रसाद सिंह, महेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह,पप्पू कुमार सिंह, श्याम कुमार सिंह, दिगंबर मिश्रा, जगतपाल नगशिया, शकर नाथ पांडेय, सच्चिदानंद पंडा उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में योगी आदित्यनाथ और हैदरनगर में चिराग पासवान की सभा आज




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में हुसैनाबाद व हैदरनगर में चुनावी सभा आयोजित होगी। इसकीजानकारी देते हुए भाजपा के मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने बताया कि 10 नवंबर को हैदरनगर उच्च विद्यालय मैदान में लोजपा सुप्रीमो केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं 11 नवंबर को अनुमंडल मैदान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा होगी। वहीं, भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह ने हुसैनाबाद की जनता व भाजपा कार्यकर्ताओं से भारी संख्या में सभाओं में भाग लेने की अपील की है।

## पेड़ नहीं लगाया तो पूजा के लिए आम की लकड़ी भी नहीं मिलेगी: डॉ कौशल



**कहा- आम के हरे पेड़ से धरती और मरे पेड़ से मुक्त होता है ब्रह्मांड का प्रदूषण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उत्तरप्रदेश के कोन थाना के पांडव नदी के छठ घाट पर उपस्थित विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल और डाली बाजार की मुखिया सह बीपीएसए प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने छठव्रतियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, डॉ कैशल ने यूपी के सोनभद्र जिले के कोन थाना अंतर्गत संस्था के प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल और छठ व्रततीयों के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ आम का पौधा लगाकर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रो की शपथ भी दिलाई। लगे हाष डॉ कौशल ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर छठ पूजा में आम की लकड़ी की विशेषता के बारे में बताया। कहा कि अगर अभी से ही लोग आम के पौधे पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाएंगे तो एक दिन ऐसा आयेगा कि लोगों को इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए घी से भी अधिक कीमत पर आम की लकड़ी खरीदना पड़ेगा। कहा कि पहले के राजा महाराजा आम के बगीचा लगते थे। पर प्रकृति के नियम परिवर्तन के अनुसार पुराने वृक्ष आम का समाप्त होते जा रहे हैं। इसलिए नए पौधे लगाना अत्यंत जरूरी है। मौके पर संस्था के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, अंजली देवी, डॉ नंद गोपाल, चंद्रगोपाल, वर्षा रानी, रिया रानी, डॉ पदम जायसवाल, डॉ अभिषेख, पुष्पा देवी, विद्यासागर जायसवाल, आशा देवी, अरविंद, आशिश, संतोष प्रजापति उपस्थित थे।

## पूरे विश्रामपुर विस क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है: बीडी प्रसाद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव को लेकर नावा प्रखंड के जिला परिषद डाक बंगला मैदान में महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनता, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित हुए। जो ब्रह्मदेव प्रसाद के प्रति जनता के बढ़ते समर्थन का परिचायक रहा। इस सभा में ब्रह्मदेव प्रसाद ने अपने चुनावी दृष्टिकोण और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता को विस्तार से बताया। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य,सड़क और बुनियादी सुविधाओं की कमी को दूर करने का आश्वासन दिया। बीडी प्रसाद ने कहा कि वे एक स्वतंत्र आवाज के रूप में जनता के मुद्दों को विधानसभा में उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसस दौरान मुख्य वक्ताओं ने क्षेत्र में पिछड़ेपन को समाप्त करने और विकास को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अब बदलाव चाहती है और अपने भविष्य के लिए स्वतंत्र और ईमानदार प्रतिनिधित्व की ओर देख रही है। सभा में मुख्य वक्ता गोकुल बसंत, शत्रुघ्न कुमार शत्रु, संतोष गुप्ता, गिरजा प्रसाद विश्वकर्मा, राम राज राम, अजय राम, रेखा गुप्ता, सुनील यादव आदि उपस्थित थे।

## जपला में 10 को मायावती की चुनावी जनसभा



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्यासी कुशवाहा शिवपूजन मेहता के पक्ष में 10 नवंबर को पार्टी सुप्रीमो बहन मायावती चुनावी जनसभा करेंगीं। उक्त जानकारी बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के कपूर्री ठाकुर मैदान में 10 नवंबर को बहन मायावती विशाल जनसभा को संबोधन करेंगीं। इस बाबत कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने हरिहरगंज हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से जनसभा में शामिल की अपील की।

# 'उगी हे सूरज देव भइल अरघ के बेर...'



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** लोक उपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। छठव्रतियों ने भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर परिवार-समाज की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य दिया। इस दौरान शहर के जेपी चौक, नहर मोड़, पंच मंदिर सरोवर छठ घाट के अलावा देवरी, दंगवार, बड़ेपुर, बुधुआ, सोन नदी, कररबार नदी स्थित छठ घाटों व झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित गजानन माता धाम परिसर में आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। छठ घाटों पर 'उगी हे सूरज देव भइल अरग के बेर...' 'सुन ली पुकार छठी मैया हमार...', केलवा के पात पर उगे हे सूरज देव ....' आदि लोक गीत गूंजते रहे। वहीं, छठ घाटों पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, बिनोद कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, सूर्या सोनल सिंह, अजित सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, अशोक मेहता, कृष्णा बैठा, धनंजय तिवारी, अवधेश सिंह, अविनाश कश्यप आदि ने भ्रमण कर लोगों का कुशल क्षेम पूछा और छठी मइया का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पंच मंदिर सरोवर छठ घाट पर विनय सिंह यादव, रामजनम सिंह, निरंजन प्रसाद, अखिलेश यादव, बीरेंद्र कुमार, मुकेश, छठपोखरा घाट पर दिनेश प्रसाद कश्यप, अशोक कश्यप, लोकनाथ केशरी, संतोष, पंकज, दीकू, कल्लू, रंजीत, पप्पू, मनोज शर्मा, संजय कुमार, गोडेन, शिवशंकर, नहर मोड़ पर अजय प्रसाद गुप्ता,मुन्ना कुमार देव, सतेंद्र कुमार, सुरेंद्र विश्वकर्मा आदि सक्रिय रहे। छठ घाट पर आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, ऑल यूथ क्लब, आरएसजी टेन ग्रूप, अखंड ज्योति नवयुवक संघ आदि कई संगठनों ने स्टॉल लगाकर छठव्रतियों की जरूरत की चीजों की सेवा की।

### बिहार के डिप्टी सीएम ने हरिहरगंज में की चुनावी जनसभा

# डबल इंजन की सरकार से ही होगा झारखंड का विकास: सम्राट चौधरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** झारखंड में एनडीए की सरकार बनाना बेहद जरूरी है। उक्त बातें बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कही। वे शुक्रवार को हरिहरगंज के सीता हाई स्कूल मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वे हरिहरगंज-हुसैनाबाद विस के भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में एनडीए की सरकार है। यदि हुसैनाबाद से कमलेश सिंह को जीताते हैं तो झारखंड में भी एनडीए की सरकार बनाने में मदद मिलेगी। झारखंड मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। डबल इंजन की सरकार झारखंड के संसाधनों का उपयोग कर तेजी से विकास कर सकेगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आइएनडीआइए महागठबंधन आरक्षण व विकास विरोधी है। वहीं, प्रत्याशी कमलेश सिंह ने भी सभा को संबोधित किया और अपने पक्ष में मतदान की अपील की। दूसरी ओर, जनसभा को संबोधित करते हुए युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने कहा कि हरिहरगंज- हुसैनाबाद में हिंदू और मुस्लिम समाज के नाम पर चुनाव लड़ी जा रही है। उनके बहकावे में ना आकर एकता दिखाते हुए भाजपा को मतदान करें। जब - जब कमलेश सिंह को जीता कर जनता ने विधानसभा भेजा है तब-तब उन्होंने हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति दी है। इस बार भी उन्हें चुनते हैं तो विकास की गति तेज होगी। अन्य वक्ताओं ने भी 13 नवंबर को प्रत्यासी कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसस मौके पर ओडिशा के सांसद रविंद्र नारायण बहेरा, यूपी के विधायक लाल बहादुर चौधरी, भाजपा नेता अशोक सिंह, रामप्रवेश सिंह, राजीव रंजन, सत्येंद्र मेहता, बल्लू बलराम, आजसू नेता दिलीप चौधरी, जितेंद्र विश्वकर्मा, अजीत सिंह, रामजी पासवान, भाजपा नेता मनीष सिंह, अखिलेश मेहता, धनंजय जायसवाल, मुन्ना विश्वकर्मा, मुखिया विनय सिंह, सनी गुप्ता, उदय सिंह, अजय सिंह, नीरज सिंह, जनेश्वर भुईयां, रामप्रवेश भुइयां, पप्पू सिंह, विकास वत्स, जितेंद्र मेहता, रामवृक्ष, सत्येंद्र पासवान, पिंटू सिंह, टंटू मिश्रा, दिनेश गुप्ता, डॉ प्रमोद कुमार, रामू यादव, विजय प्रजापति, कपेश्वर सिंह, अरविंद सिंह, संदीप पासवान आदि उपस्थित थे।

## क्षेत्र में हुआ कार्य बयां कर रहा विकास की कहानी: रामचंद्र चंद्रवंशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी ने शुक्रवार को क्षेत्र के कई गांवों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से सीधा संवाद किया और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की जो लकीर हमने खींची है, उसके बारे में बताने की जरूरत नहीं है। क्षेत्र की जनता बखूबी इस बात को जानती है। क्षेत्र में मेरे द्वारा कराए गए कार्य विकास की कहानी खुद बयां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। विकास की रफ्तार आगे भी बनी रहे, इसके लिए भाजपा को समर्थन कीजिए। आपका एक एक वोट मुझ पर कर्ज होगा। जिसे क्षेत्र को पूर्ण विकसित कर उतरूंगा। मौके पर गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, पंकज कुमार लाल, ललन प्रसाद पांडेय, शंभु शरण सिंह आदि मौजूद थे।

### विधायक आलोक का ताबड़तोड़ जनसंपर्क, विकास के नाम पर मांगा समर्थन

# मैं हूं विकास का सच्चा वाहक: आलोक चौरसिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनावों को लेकर सतबरवा प्रखंड में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। भाजपा उम्मीदवार आलोक चौरसिया ने पोलपोल, किसुनूपुर, लहल्हे, सिंदुरिया और झाबर के यादव टोला सहित कई गांवों में ताबड़तोड़ जनसंपर्क किया। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने विकास की दिशा में किए गए अपने कार्यों का उल्लेख किया और 13 नवंबर को उनके पक्ष में फिर से मतदान करने की अपील की। विधायक सह प्रत्यासी आलोक ने जनसंपर्क के दौरान अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों पर जोर दिया। कहा कि मेरा एक ही लक्ष्य रहा है कि क्षेत्र में समृद्धि और विकास का मार्ग प्रशस्त हो। जो काम मैंने पिछले कार्यकाल में शुरू किया था, उसे और आगे बढ़ाने का मौका दीजिए। मैं विकास का सच्चा वाहक हूं और आपका समर्थन मेरे लिए प्रेरणा है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें दोबारा चुना गया, तो वे क्षेत्र की लंबित परियोजनाओं को तेजी से पूरा करेंगे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का वादा किया। साथ ही, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए विशेष योजनाओं की बात भी की। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान आलोक चौरसिया ने जनता के साथ सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से होगी।

### 13 को भाजपा को वोट देने की अपील

आलोक चौरसिया ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से 13 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर भाजपा को वोट देने की अपील की। कहा कि भाजपा का नेतृत्व विकास को समर्पित है। यदि भाजपा को पुनः मौका मिलता है, तो क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो विकास के मुद्दों को लेकर प्रतिबद्ध है। क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करना हमारी प्राथमिकता है। उधर, आलोक के इस जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी में जोश और उत्साह देखा गया।

### सतबरवा में बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

चुनाव को लेकर सतबरवा प्रखंड में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। एक ओर भाजपा अपने विकास कार्यों के दम पर जनता से वोट मांग रही है, वहीं विपक्षी दल भी अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

# अनियंत्रित बाइक नहर में गिरी, दो युवकों की मौत

**एक की हालत गंभीर, घर में कोहराम, जांच में जुटी पुलिस**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला के नबीनगर नहर रोड में लोटनियां गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गुरुवार की देर शाम पुल से टकरा कर नहर में गिर जाने से उसपर सवार दो नवयुवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से हुसैनाबाद पुलिस ने सभी को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां, चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया। उनकी पहचान रॉकी कुमार (18) और राहुल कुमार (20) के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं। अस्थाई रूप से जपला के नबीनगर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 11 के रामपुर में रह रहे थे। वहीं, घायल बिट्टू पासवान इसी मुहल्ले का रहने वाला है, जो गंभीर रूप से घायल है। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मंजूर आलम ने बताया कि बिट्टू पासवान की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे मेदिनीनगर मेदिनी राय मेडिकल कालेज एंड अस्पताल रेफर कर दिया गया है। परिजनों के मुताबिक घर में छठ पूजा हुआ था। तीनों युवक देर शाम जपला क्यों जा रहे थे, परिजनों को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। घायल बिट्टू पासवान को चिकित्सकों ने इलाज के बाद उसका पता पूछ कर परिजनों को मोबाइल फोन पर घटना की जानकारी दी। देर रात परिजन विलाप करते अस्पताल पहुंचे। शुक्रवार की सुबह दोनों नवयुवकों का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, घायल बिट्टू का इलाज मेदिनीनगर में चल रहा है।

## संविधान के रक्षक व उसे मिटाने वालों के बीच है मुकाबला: चंद्रशेखर आजाद



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी सिचाई विभाग के मैदान में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पांकी विस से प्रत्याशी मुमताज अहमद खान के पक्ष में चुनावी जनसभा की। उन्होंने कहा कि एक तरफ संविधान के रक्षक हैं, तो दूसरी ओर संविधान को मिटाने वाले। भाजपा ने गरीब, शोषित, पीड़ितों का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को मानने वालों के साथ जब अन्याय होता है तो, आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी ने हमेशा कदम से कदम मिलाकर सहयोग किया है। उन्होंने जनता से मुमताज खान को वोट देने की अपील की। दूसरी ओर, मुमताज खान ने जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे सभी जाती, सभी धर्म के लोगों से अपार जनसर्थन मिल रहा है। पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह और निर्तमान विधायक ने मानवता को शर्मसार किया है। पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू को पिछले चुनाव मे कांग्रेस से चुनाव जीताया। लेकिन राज्य सभाचुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट किया। ऐसे नेताओं से सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने यहां की भोले भाले जनता के साथ धोखा किया है। उन्होंने 13 नवंबर को केतली छाप पर मतदान करने की अपील की। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

**FORMAT C-1**

*(for candidates to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of hon'ble supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors, Vs, Union of India & Anr)

Name and address of candidate: **Dr. NEERA YADAV**

Name of Political Party : **BHARATIYA JANATA PARTY**

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election : **ASSEMBLY ELECTIONS TO VIDHANSABHA 2024**

Name of Constituency **19, KODERMA** (JHARKHAND)

I **Dr. NEERA YADAV** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. N | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MP MLA Court Ranchi | Lalpur P.S. Case No. 203/24 | Pending | Protest against State Government Section 191(2)(3)/190/115(2) 117(2)/109/121(1)/125/132/ 324(2)/351(2)/352/61(2) of BNS |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

In the case of election to council of state election to Legislative Council by MLAs mention the election concerned in place of name of constituency.


# उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ महापर्व छठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** लोक अस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सुबह बेरमो क्षेत्र में छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। कई व्रतियों ने घरों में ही पानी का सायरा बना कर अर्घ्य दिया। इससे पूर्व व्रतियों के घर से लोग सिर पर दउरा लेकर छठ घाट पहुंचे थे। गुरुवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद रात में कई छठ व्रतियों के घर पर भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी व आरती की। वहीं, कई व्रतियों ने छठ घाटों पर जाकर कोशी भराई की। इस दौरान पुलिस और







प्रशासन छठ घाटों पर सक्रिय रहे। फुसरो शहर में हिंदुस्तान पुल, करगली गेट फिल्टर प्लांट, ढोरी खास, कल्याणी, बालू बैंकर, बेरमो स्टेशन, कदमाडीह के अलावे अंगवाली, पिछरी, चलकरी स्थित दामोदर नदी घाट और कारों व अमलो तालाब में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। उधर, आइएनडीआइए महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह और एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी रविंद्र पांडेय की पत्नी लक्ष्मी पांडेय ने अपने-अपने आवास पर ही ही भगवान सूर्य देव की पूजा की। छठ महापर्व को लेकर पूरा बेरमो में छठ के गीत गुजमान रहा। इससे पूरा क्षेत्र छठमय हो गया।

# धनबाद में समस्याओं का अंबार: अजय दुबे



### कांग्रेस का मनईटांड, मुनीडीह व केंदुआडीह में चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा सीट से आइएनडीआइए समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे की मौजूदगी में शुक्रवार को मनईटांड़, मुनीडीह एवं केंदुआडीह में चुनाव कार्यालय का उद्गाटन हुआ। लगे हाथ अजय दुबे ने गोधर काली बस्ती, गोधर मोड़, धनसार भूइंया टोला, नई दिल्ली-धनसार, चांदमारी, जोड़ाफाटक एवं अनुग्रह नगर-धनसार में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान कहा कि क्षेत्र की ज्वलंत समस्याएं देखकर हैरान हूं। यहां बेरोजगारों की फौज खड़ी है। युवा रोजगार के अभाव में दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं। क्षेत्र में पानी, चापानल, जर्जर सड़क एवं बिजली पोल संबंधित अनगिनत ज्वलंत समस्याओं से लोग बेहाल हैं। ज्वलंत समस्याओं का निराकरण करने में स्थानीय विधायक विफल रहे हैं। अब लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से धनबाद विस में इतनी ज्वलंत समस्याएं मुंह फाड़े खड़ी हैं। इसका जिम्मेवार कौन है। कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन के प्रति लोगों का विश्वास और मिल रहे समर्थन से निश्चित रूप से इस बार धनबाद में बदलाव होगा। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमेन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी, मदन महतो, रामगोपाल भुवानिया, वासुदेव गुप्ता, नवनीत नीरज, लक्ष्मण तिवारी आदि थे।

# संत श्री जलाराम बापा की जयंती पर रागिनी सिंह ने लिया आशीर्वाद



**झरिया (आजाद सिपाही)।** फतेहपुर मोहल्ला स्थित श्री जलाराम प्रार्थना मंदिर की ओर से संत श्री जलाराम बापा की 225 वी जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। सुबह छह बजे से मंगला आरती हुई। इसके बाद भक्तों के बीच महाप्रसाद वितरण किया गया। श्री जलाराम बापा के पूजन में मुख्य यजमान के रूप में तेजस राठौड़ एवं अंजना राठौड़ शामिल हुए। वेदोक्त मंत्रो के साथ पूजन शास्त्री प्रियंक भट्ट ने संपन्न कराई। इससके बाद आरती में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था। दूर दूराज से भक्तगण पैदल चलकर दर्शन करने आए थे। श्री जलाराम मंदिर में भाजपा की झरिया प्रत्याशी रागिनी सिंह भी शामिल हुईं और जलाराम बापा का आशीर्वाद लिया। जिसके बाद नंदवाना समाज भवन पहुंच कर सभी के साथ प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही विस चुनाव में उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। वहीं, उपस्थित लोगों ने भाजपा प्रत्याशी को जीत का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरीश कुमार जोशी, अधिवक्ता चेतन मपारा, अतुल मंडल किशोर ठक्कर, जिग्नेश जोशी, हिम्मतलाल राठौड़, नीरज ठक्कर ललित, सोलंकी कल्पेश शाह, हर्ष दवे, राजेश ठक्कर, होमेंश जोशी ,विपुल ठक्कर, उमेश शाह सागर ,ठक्कर साहिल, वीणा मपारा, पुष्पा ठक्कर, शीतल ठक्कर, गीता बेन ठक्कर, शारदा जोशी, जिज्ञासा जोशी और जलपा जोशी आदि सक्रिय रहे।

## छठ घाटों पर पहुंचे राज सिन्हा, छठ व्रतियों से लिया आशीर्वाद

# छठ महापर्व संयम, संकल्प एवं समर्पण का प्रतीक: राज सिन्हा

### स्टार प्रोग्रेसिव क्लब के तोरण द्वार का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुराना बाजार के टेंपल रोड स्टार प्रोग्रेसिव क्लब की ओर से छठ पूजा के अवसर पर छठवर्तियों एवं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए बनाये गये तोरण द्वार का उद्घाटन विधायक सह भाजपा प्रत्यासी राज सिन्हा व समाजसेवी दिलीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी ने लोक गायिका स्वर्गीय शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज सिन्हा ने कहा कि छठी मईया की कृपा सब पर बनी रहे। छठ महापर्व एहसास कराती है कि है कि स्वच्छता ही हमारे जीवन का मूल आधार है। इस पर्व में घर से लेकर बाहर तक की अच्छे से साफ सफाई की जाती है। कहा कि



तोरण द्वार का उद्घाटन करते राज सिन्हा।



भगवान सूर्य को अर्घ्य देते भाजपा प्रत्यासी राज सिन्हा।

हमारे जीवन में निराशा परेशानियां जरूर आएगी, लेकिन निर्वाह रूप से काम को पूजा की तरह करते रहने से सूर्यउदय रूपी उजाला जीवन में अवश्य आएगी। उधर, इस वर्ष भी स्टार प्रोग्रेसिव क्लब की ओर से निर्मित सुसज्जित मंच से छठव्रतियों को फल, दूध, अगरबत्ती व जल का वितरण दिलीप सिंह एवं क्लब के सदस्यों ने किया किया। मौके पर दिलीप सिंह, प्रदीप अग्रवाल, संजय कुशवाहा, विजय केजरीवाल, जीराखन सिंह, अनिल अग्रवाल, अनिल प्रसाद उर्फ बिट्ठू, भृगुनाथ भगत उपस्थित थे। वहीं, छठ व्रतियों की सेवा में क्लब के अध्यक्ष राकेश मुंद्रा, उपाध्यक्ष बिरजन राम, महासचिव सूरज कुमार, सचिव पियूष रूटोलिया कोषाध्यक्ष अंकित शर्मा आदि सक्रिय रहे। दूसरी ओर, छठ पूजा पर भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने शुक्रवार को मनईटांड और पंपू तालाब सहित विभिन्न छठ घाटों पर जाकर छठ व्रतियों से आशीर्वाद लिया। छठ घाटों पर अस्ताचलगामी व उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। जबकि मटकुरिया में भगवान सूर्य की प्रतिमा का दर्शन किया। बेकारबांध छठ तलब स्थित सूर्य मंदिर में हवन कर कोयलांचल वासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। कहा कि छठ पूजा संयम, संकल्प और समर्पण का प्रतीक है। यह महापर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए।

# डॉ उषा सिंह अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में हुईं शामिल



### कहा- कुमार जयमंगल ने कम समय में ही बेरमो का जो विकाश किया वह प्रशंसनीय है

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेत्री डॉ ऊषा सिंह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह पर आस्था व्यक्त करते हुए अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गयीं। प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया और प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक ने कांग्रेस का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर छेदी नोनिया ने कहा कि डॉ ऊषा सिंह के कांग्रेस में शामिल से पार्टी और मजबूत होगी और बेरमो विधानसभा में जीत का परचम लहराएगी। वहीं, कृष्ण चांडक ने कहा कि बेरमो की जनता ने भारी बहुमत से फिर से कुमार जयमंगल सिंह को जिताने का अपना मन बना लिया है। उधर, डॉ ऊषा सिंह ने कहा कि कुमार जयमंगल जी ने बहुत ही कम समय में बेरमो का जो विकाश किया है वह प्रशंसनीय है। यहां की जनता ने फिर से कुमार जयमंगल को अपना आशीर्वाद रूपी वोट देने का निर्णय ले लिया है। इस मौके पर ललन रवानी, जितेंद्र सिंह, अजय मिश्रा, शंभू यादव, रंजन सिंह, महावीर राम, सुशील अग्रवाल, भवानी अग्रवाल, जवाहर शाह, राजेश मिश्रा और कृष्ण कुमार चांडक आदि उपस्थित थे।

# तीन दलों के नेताओं ने दिया रोहित यादव को अपना समर्थन



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा में विधानसभा चुनाव से पहले ही सियासी खेल शुरू हो गया है। यहां से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव को जेएलकेएम पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव फैयाज अहमद, बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह बाघमारा से निर्दलीय प्रत्याशी मो ऐनुल अंसारी एवं बीएसपी के कन्हाई सिंह ने समर्थन देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी रोहित यादव के करीबी पप्पू दुबे ने शुक्रवार को आवासीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके दी। पप्पू दुबे ने तीनों को माला पहनाकर स्वागत किया। बतातें चले कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को महज 12 दिन शेष हैं। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ प्रचार में जुटे हुए हैं। भाजपा, कांग्रेस ने इस चुनाव के लिए कई स्टार प्रचारक उतारे हैं। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव जीतने के लिए पूरी शक्ति के साथ चुनावी मैदान में हैं। उनका क्रेज भी दिख रहा है। उनके जनसंपर्क में बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। दूसरी ओर, रोहित यादव के समर्थन में आये नेताओं ने धनबाद से भाजपा सांसद ढुल्लू महतो एवं कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो पर जमकर भड़ास निकाली और उन्हें जनता का शोषण करने वाला बताया।

# गोमिया में आस्था का महापर्व छठ संपन्न

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत खम्हरा कोनार नदी, स्वांग कोनार नदी, बोकारो नदी, भगत अहरा तालाब, खुदगड्डा स्थित तालाब, खिजुरिया अहरा तालाब, गिंधुनिया अहरा तालाब सहित विभिन्न नदी एवं तालाबों में छठव्रतियों ने शुक्रवार को उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही चार दिवसीय आस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया। बता दें कि गोमिया क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों में लाईटिंग की व्यवस्था अकर्षक रूप से की गई थी। वहीं, छठव्रतियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो उसे लेकर स्थानीय कमेटी के सदस्य मुस्तैद दिखे। वहीं, आइइएल मून लाइट से लेकर खम्हरा कौनार नदी तक सड़क की दोनों ओर लाइट से आकर्षक तरीके से सजाया गया था। वहीं शांति व्यवस्था को लेकर आइइएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, आइइएल थाना के सब इंस्पेक्टर विमल कुमार शर्मा आदि बेहद सक्रिय दिखे।

## निर्दलीय प्रत्याशी चितरंजन साव के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी चितरंजन साव ने गोमिया मुख्य चौक के समीप शुक्रवार को अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उम्मीदवार चितरंजन साव ने कहा कि गोमिया के लोगों को विकास के नाम पर सिर्फ छला गया। अब गोमिया की जनता जाग चुकी है। अब ऐसे लोगों को करारा जवाब देगी। गोमिया इस बार एक नया इतिहास रचने जा रहा है। कहा कि मेरा संकल्प है कि गोमिया का सर्वांगीण विकास करूं और यहां के युवाओं को रोजगार मुहैया कराऊं। इस मौके पर विशाल चौहान, लक्ष्मण कुमार, संजय पासवान, राज यादव, संतोष यादव, मंजर अंसारी, अजरुद्दीन अंसारी, अनूप कुमार, जय कुमार लालदेव साव सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# 13 साल के युवराज ने किया छठ महापर्व



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला डेकोरेटर एसोसिएशन एवं सर्वधर्म सामूहिक विवाह के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के छोटे बेटे युवराज सिंह ने 13 साल की उम्र में छठ महापर्व जैसे कठिन त्योहार को संयमता से संपन्न किया। बतातें चलें कि प्रदीप सिंह पिछ्ले 20 साल से लगातार छठ महापर्व कर रहे हैं। पिता से प्रभावित होकर युवराज ने भी छठ पर्व करने का निर्णय लिया और उसे पूरा भी किया। युवराज कार्मिक नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा 8वीं कक्षा का विद्यार्थी है। उसकी मां जया सिंह समाजसेविका है।


**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**
(for candidate to publish in Newspapers, TV)
(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Mukesh Kumar Sukla, Vill-Saharkol, Pakur, jharkhand, 816107.**
Name of political party: **independent**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: **Jharkhand Legislative Assembly Election 2024**
*Name of Constituency: **05- Pakur, jharkhand.**
1. **Mukesh Kumar Sukla** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare
for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sdjm, sahibganj | GR No.352/22 | pending | u/s 385,504,506, ipc |
| | - | - | - | - |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

"In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## मेट्रो प्रोजेक्ट 2027 तक पूरा हो जायेगा दो माह में मिट्टी की जांच करायी जायेगी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मेट्रो को लेकर बड़ी खबर आयी है। मेट्रो प्रोजेक्ट नवंबर 2027 तक पूरा हो जायेगा। 3 कोच वाली 13 मेट्रो ट्रेन खरीदने की योजना रखा गया है। अब मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए मिट्टी की जांच की जा रही है। दिल्ली एवं कटक प्रयोगशालाओं में विभिन्न स्थानों से 50 से 60 मीटर की नीचे से मिट्टी लेकर मृदा परीक्षण किया जा रहा है। अगले दो माह में मिट्टी की जांच करायी जायेगी। मिट्टी की जांच होने के बाद नींव की डिजाइन का काम शुरू होगा। रतागड़, त्रिशुलिया फुलपोखरी में भुवनेश्वर मेट्रो रेल परियोजना रखरखाव डिपो का निर्माण भी चल रहा है। मेट्रो ट्रेन जमीन से 13 मीटर ऊपर चलेगी। हालांकि, राजमहल, जयदेव बिहार ओवरब्रिज और बारंग रेलवे लाइन पर इसकी ऊंचाई अधिक होगी। हर 10 मिनट पर मेट्रो ट्रेनें चलेंगी।

## गौशाला और चाऊंरपुर ग्रिड सबस्टेशन के रखरखाव कार्य के लिए बिजली कटौती

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बुर्ला टीपीडब्ल्यूओडीएल की 33/11 केवी गौशाला और चाऊंरपुर ग्रिड सबस्टेशन में तत्काल रखरखाव कार्य के लिए सानटिकिरा, गौशाला चौंक, बाबूबंध, भोई टिकिरा, लड़ुखाई चौंक, लड़ूखाई गांव, जगदंबा राइस मिल, माखनुपड़ा, सुथियार पड़ा, खलिया भटा जमुड़ा, बड़ सिंहारी सहित इसके आसपास के इलाकों में शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक बिजली कटौती की गयी। टीपीडब्ल्यूओडीएल अधिकारी ने जनता से सहयोग मागा है।

## ओड़िशा सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 15 दिसंबर को

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) प्रारंभिक परीक्षा 15 दिसंबर को आयोजित की जायेगी। इस संबंध में ओड़िशा लोक सेवा आयोग (ओपीएससी) ने शेड्यूल जारी किया है। परीक्षा रविवार 15 दिसंबर को आयोजित की जायेगी। ओपीएससी द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि परीक्षा का पूरा कार्यक्रम बाद में जारी किया जायेगा। यह परीक्षा 27 अक्टूबर को आयोजित होने वाली थी। हालांकि, उस समय चक्रवात दाना के कारण परीक्षा स्थगित कर दी गयी थी। अब, ओपीएससी ने नयी तारीख को परीक्षा आयोजित करने के लिए एक अधिसूचना जारी की है।

## भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर फ्लाइट रद्द होने से यात्री परेशान

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर फ्लाइट रद्द होने से यात्री परेशान हैं। बार-बार रद्द होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों ने एयरलाइन की मनमानी कार्रवाई का कड़ा विरोध किया है। जानकारी के मुताबिक भुवनेश्वर से हैदराबाद के लिए उड़ान कल सुबह 9.55 बजे थी, लेकिन किसी कारणवश इसे रद्द कर दिया गया था। हैदराबाद की उड़ान को गुरुवार सुबह 8:45 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया। जिन यात्रियों ने टिकट बुक कराये थे, वे हवाईअड्डे पर पहुंचे, लेकिन फिर से फ्लाइट रद्द कर दी गयी। बार-बार यात्रा रद्द करने के बाद यात्री धरने पर बैठ गये।


## कार्यालय में महिला ने आपूर्ति सहायक को चप्पल से मारा, वीडियो वायरल

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बलांगीर आगलपुर के आपूर्ति सहायक के खिलाफ गंभीर आरोप। राशन कार्ड करवा देने को कह कर विधवा महिला के साथ शारीरिक संबंध बना कर बाद में वीडियो वायरल कर दिया। जब इसकी जानकारी महिला को हुई, तो आपूर्ति सहायक के कार्यालय में जाकर उसकी चप्पल से पिटाई कर दी। महिला ने थाने में भी शिकायत की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच करने के लिए डीएसपी को सौंपी है। शिकायत के अनुसार, आपूर्ति सहायक गिरीश साहू ने एक विधवा महिला को राशन कार्ड देने के लिए अपने कार्यालय में बुलाया। उसने महिलाओं के साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए वीडियो भी बना लिया। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए डीएसपी को जांच सौंपी है।









# इडको कनिष्ठ प्रबंधक की संपत्ति को देख विजिलेंस विभाग भौंचक

## मेन गेट से लेकर घर तक सभी डिजिटल

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** इडको कनिष्ठ प्रबंधक विजय कुमार उदयसिंह का आलीशान बंगला से भारी मात्रा में सोने के आभूषण और रुपये मिले हैं। उनके बंगला का मेन गेट से लेकर घर तक पूरी तरह डिजिटल है। रिमोट दबाने पर गेट खुलता है। बाबू की अकूत संपत्ति देख कर विजिलेंस अधिकारी भौचक रह गये। बता दें कि आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में इडको के कनिष्ठ प्रबंधक विजय कुमार उदयसिंह के घर पर छापेमारी की गयी। खुर्दा, भुवनेश्वर और पुरी समेत 6 जगहों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। विजय कुमार उदयसिंह के भुवनेश्वर स्थित इडको कार्यालय में भी छापेमारी की जा रही है।

भुवनेश्वर राजारानी मौजा का आवासीय घर, पुरी बालूखंड मौजा का फ्लैट, खुर्दा जंकिया में पैतृक घर पर छापेमारी की गयी है। उनके घर से ढेर सारा पैसा, सोने के आभूषण और महंगी घड़ियां जब्त की गयी। जंकिया में क्रसर यूनिट और भुवनेश्वर सामंतरापुर रिश्तेदार के घर पर भी छापेमारी की गयी है। भुवनेश्वर में 3 करोड़ 22 लाख रुपये कीमत का चार मंजिला मकान है। पुरी बालूखंड मौजा में स्थित एक फ्लैट। भुवनेश्वर की प्राइम लोकेशन पर दो प्लॉट हैं। खुर्दा में एक प्लॉट है। बैंक में जमा 33 लाख रुपये और 4 लाख 50 हजार रुपये नकद जब्त किये गये। छापेमारी में 2 डीएसपी, 4 इंस्पेक्टर, 3 एएसआइ समेत 11 अधिकारी शामिल हैं।

## सम अस्पताल और भरसा का गंजाम में स्वास्थ्य शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर ।** ब्रह्मपुर शीतलापल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल-3 और गैर सरकारी संगठन 'भरसा' के संयुक्त सहयोग से गंजाम में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। भारती विद्यापीठ द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 400 लोगों ने भाग लिया। स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आयोजित इस शिविर में न्यूरोलॉजी, मेडिसिन, एंडोक्रिनोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग, त्वचा विज्ञान, बाल रोग, मनोचिकित्सा, नेत्र विज्ञान और दंत चिकित्सा विभाग के डॉक्टर मौजूद थे। उन्होंने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। अस्पताल के निदेशक देबप्रसाद दास स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। शिविर में रोगियों को आवश्यक दवाएं भी प्रदान की गयीं।

## सुनंदा दास समर्थकों के साथ बीजेपी में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बरी की पूर्व विधायिका सुनंदा दास अपने समर्थकों के साथ बीजेपी में शामिल हुई हैं। सुनंदा 2019 से 2024 तक बरी से विधायक थीं। सुनंदा को 2024 के चुनाव में बीजद से टिकट नहीं मिला था। उन्होंने कुछ दिन पहले बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसी तरह जगतसिंहपुर, भद्रक, नयागढ़, कटक और जाजपुर जिलों के ब्लॉक और पंचायत स्तर के नेता बीजेपी में शामिल हो गये हैं। इसी तरह कटक अर्बन बैंक के निदेशक धर्मेश नायक और उनके समर्थक भी बीजेपी में शामिल हो गये हैं। भद्रक बासुदेबपुर बीजद युवा अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि असित दास सहित कई बीजद कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हो गये हैं। निर्वाचन के दौरान पार्टी छोड़ने वाले सानखेमुंडी के उत्तम पाणीग्राही के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हुए हैं। नयागढ़ भापुर के युवा नेता विभूति पटनायक अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बीजेपी में शामिल हुई हैं।

## लंबित अनुकंपा नियुक्ति मामलों को लेकर 18 को खोरधा रोड मंडल में लगेगी अदालत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधारोड मंडल।** खोरधारोड मंडल 18 नवंबर को कल्याण मंडप, ट्रैफिक कॉलोनी, खोरधा रोड रेलवे स्टेशन के पास, सुबह 11 बजे, लंबित अनुकंपा नियुक्ति मामलों के लिए अदालत का आयोजन करने जा रहा है। पूर्व कर्मचारियों के परिवार के सदस्य जो खोरधा रोड मंडल, पूर्व तट रेलवे में कार्यरत थे, वे अपने लंबित अनुकंपा नियुक्ति मामलों की अपनी शिकायत संबंधी आवेदन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, पूर्व तट रेलवे, खोरधा रोड-752050 को 11 नवंबर तक भेज सकते हैं। आवेदकों को सभी मूल दस्तावेजों के साथ 18 नवंबर को अदालत में उपस्थित होना है। यह अदालत केवल मंडल स्तर पर लंबित अनुकंपा नियुक्ति के मामलों के लिए आयोजित की जायेगी। पहले से मुख्यालय और मंडल स्तर पर तय किये गये मामलों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## एनटीपीसी ने 50वां स्थापना दिवस मनाया

- एनटीपीसी इआर मुख्यालय भुवनेश्वर में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** महारत्न एनटीपीसी लिमिटेड का 50वां स्थापना दिवस नयी दिल्ली में एनटीपीसी के कॉर्पोरेट सेंटर के साथ-साथ इसके क्षेत्रीय मुख्यालयों, परियोजनाओं और स्टेशनों पर मनाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने एनटीपीसी के कॉर्पोरेट सेंटर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कर्मचारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी बिजली उत्पादन गतिविधियों में कुशल और टिकाऊ संचालन प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। भुवनेश्वर में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय में स्थापना दिवस को एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अरिंदम सिन्हा के नेतृत्व में ध्वजारोहण समारोह के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने एनटीपीसी की स्थापना से लेकर वर्तमान स्थापित क्षमता तक के इतिहास और विकास को साझा किया। श्री सिन्हा ने कर्मचारियों को नयी चुनौतियों का सामना करने और एनटीपीसी की सफलता में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### एनटीपीसी बोंगाईगांव ने भव्य उत्सव मनाया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी बोंगाईगांव ने अपने 50वें स्थापना दिवस को उत्साह के साथ मनाया, अपने प्रशासनिक भवन में इस उत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत अखिलेश सिंह द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराये जाने से हुई। इसके बाद एक औपचारिक केक काटा गया और मील के पत्थर का प्रतीक रंगीन गुब्बारा छोड़ा गया। इस कार्यक्रम में देबब्रत कर महाप्रबंधक , आशुतोष विश्वास, जीएम थांगजोम कमांडेंट सीआइएसएफ, संगीता सिंघा बर्दवी शिकला लेडीज क्लब की अध्यक्ष, एमएस कंडारी सहायक कमांडेंट सीआइएसएफ और विभिन्न विभागों, यूनियनों, संघों और बर्दवी शिकला लेडीज क्लब के प्रतिनिधि सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। अपने संबोधन में अखिलेश सिंह ने एनटीपीसी की सिंगरौली में अपनी उत्पत्ति से लेकर भारत के सबसे बड़े एकीकृत बिजली उत्पादक के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति तक की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला।

### एनटीपीसी तालचेर थर्मल में भी उत्सव का आयोजन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने एनटीपीसी का स्थापना दिवस बड़े गर्व और उल्लास के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत एनटीपीसी का ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसे तालचेर थर्मल के मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख विजय चंद ने किया। इस अवसर पर परियोजना महाप्रबंधक डॉ जेपी रॉय, इंजीनियरिंग महाप्रबंधक दीपक और सागरिका लेडीज क्लब की अध्यक्ष विभा अग्रवाल, सहित सभी विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और उनके परिवारजन उपस्थित रहे। मौके पर विजय चंद ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में एनटीपीसी की भूमिका पर जोर दिया।

## किम्स में एमबीबीएस और बीडीएस बैच के लिए व्हाइट कोट समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) ने एमबीबीएस और बीडीएस छात्रों के अपने नवीनतम बैच का सफेद कोट और शपथ ग्रहण समारोह के साथ स्वागत किया, जो उनकी चिकित्सा यात्रा की शुरुआत का एक प्रतीकात्मक अनुष्ठान है। इस कार्यक्रम में किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत, प्रो-वाइस-चांसलर प्रो सीबीके महांति, डीन और प्रिंसिपल प्रो (डॉ) आरसी दास, किम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ एमआर बेहेरा वाइस प्रिंसिपल प्रो (डॉ) ललाटेदु महांति और कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के प्रिंसिपल अश्विनी कर ने भाग लिया। डॉ सीबीके महांति ने नये बैच को किम्स में उपलब्ध व्यापक संसाधनों का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। डॉ सामंत ने अपने संबोधन में छात्रों को किम्स में अपने पांच साल के कार्यक्रम का अच्छा उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## एमसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चले सतर्कता जागरूकता अभियान का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पीके पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने अपने संबोधन में जन-जन तक सत्यनिष्ठा और सतर्कता को बढ़ावा देने के संदेशों को पहुंचाने के लिए टीम एमसीएल के प्रयासों की सराहना की। समापन समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) उपस्थित थे। एमसीएल के महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न स्कूल के शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। इस समारोह में अतिथियों ने सतर्कता निवारक अभियान के तहत विजीलेन्स बुलेटिन का विमोचन किया और सप्ताह भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**